卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 158 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦17 मार्च 2024 ♦मूल्य दो रूपया

www.cps.edu.in

cps.rdr

ColumbusPublicSchool

CPS_Rudrapur

COLUMBUS PUBLIC SCHOOL
RUDRAPUR
GLORIA IN EXCELSIS
Estd. 1997

Ranked Category A+ by C.B.S.E

COLUMBUS
PUBLIC SCHOOL

(Affiliated to C.B.S.E., New Delhi) Affln. No.: 3530120

Nursery to 12th (Arts, Science & Commerce)

Session 2024 - '25

Admissions Open

Limited Seats. Merit-based waiver on Admission Fee.

For Registration Call +91 9927927999

Bali Vihar, Model Colony, Rudrapur (Uttarakhand) | cps@cps.edu.in
Tel. No. : (05944) 244076 | 9927963999

कांग्रेस में मची सियासी भगदड़,दो सीटों पर सस्पेंस

उत्तराखंड में लगातार घट रहा पार्टी नेताओं का कुनबा,भाजपा में जाने का सिलसिला जारी

देहरादून(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड में 2024 के लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले ही कांग्रेस को झटके पर झटके लग रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस हाईकमान के साथ ही प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं ने भी कांग्रेस नेताओं के इस्तीफे पर पूरी तरह से खामोशी की चादर ओड़ ली है। पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनीष खंडूरी ने कांग्रेस का साथ छोड़ दिया तो अब कांग्रेस के पूर्व विधायकों ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। अब कांग्रेस के बड़े नेता बीजेपी के पिच से बैटिंग करेंगे। लोकसभा चुनाव से पहले एक के बाद जिस तरीके से नेता का साथ छोड़ रहे हैं उस से ये लग रहा है कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। उत्तराखंड कांग्रेस में पार्टी छोड़ने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते रोज गंगोत्री विधानसभा के पूर्व विधायक विजयपाल सजवान, और पुरोला से पूर्व में विधायक रहे मालाचंद ने भी पार्टी छोड़कर कांग्रेस पार्टी को करारा झटका दिया है। दोनो पूर्व विधायक ने अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सभी दायित्व से मुक्त होकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। वहीं इसको लेकर कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी ने कहां किसी नेता के जाने पार्टी पर कोई फर्क नही पड़ता है अगर बूथ लेवल का कार्यकर्ता पार्टी छोड़ता है तो परेशानी वाली है। मगर नेता कोई भी है उनको सत्ता की भूख रहती है जिसके कारण नेता कभी यहां तो कभी वहां पार्टी बदलते रहते है। मगर इस वक्त कांग्रेस पार्टी के लिए संकट काल रूप में हम देख रहे है, और संकट काल में पार्टी को मजबूत किया जाना चाहिए। पार्टी ने जिन नेताओं पर इतना इन्वेस्ट किया है उन लोगो का ऐसे छोड़कर जाना दुर्भाग्य पूर्ण है। जहां तक बात मालचंद की करें तो भाजपा उनका मूल गर्भ है और जहां से मालचंद आए थे वहीं चले गए है।उत्तराखंड कांग्रेस पार्टी छोड़ने वाली आज एक ओर नाम शामिल हो गया है। पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत की पुत्र वधु अनुकृर्ति गुसाईं ने भी आज उत्तराखंड कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। अपने सोशल मीडिया पर इस्तीफे की फोटो जारी करते हुए अनुकीर्ती ने यह जानकारी दी। 2022 के विधान सभा चुनाव में कांग्रेस ने अनुकृति गुसाईं को पौड़ी गढ़वाल विधान सभा टिकट भी दिया था। जिसमे उनको हार का सामना भी करना पड़ा। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता शीशपाल सिंह बिष्ट ने कहां कांग्रेस पार्टी ने अनुकृति गुसाईं मान सम्मान दिया और उन्हें अगर कोई बात कहनी थी तो पार्टी प्लेटफॉर्म पर रखनी चाहिए थी और आज के वक्त सभी कार्यकर्ता हो क्या नेता अपनी बात को पार्टी प्लेटफार्म पर रखते है। आज के वक्त में भाजपा द्वारा ईडी और एसबीआई का डर भाजपा द्वारा विपक्षी दलों को डराने का काम किया जा रहा है जिसके चलते लोग पार्टी छोड़ रहे है। लोकसभा चुनाव से पहले जिस तरह से कांग्रेस के नेता पार्टी का दामन छोड़ रहे है उससे कहीं ना कहीं कांग्रेस कमजोर नजर आ रही है। अब देखना ये होगा कि लोक सभा चुनाव में कांग्रेस को इसका कितना खामियाजा उठाना पड़ता है। लगातार नेताओं के पार्टी छोड़ने के कारण कांग्रेस को कितना नुकसान झेलना पड़ता है। बात अगर कांग्रेस के नुकसान की करें तो इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उत्तरकाशी जनपद के दो पूर्व विधायकों के द्वारा भाजपा का दामन थामने के बाद उत्तरकाशी जनपद में कांग्रेस का कोई पूर्व विधायक तक अब नाम लेने वाला नहीं रह गया है। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान का कहना है कि कांग्रेस में जो भी पूर्व विधायक उत्तरकाशी जनपद से थे वह भाजपा में शामिल हो गए हैं। उत्तरकाशी जिला एक तरीके से कांग्रेस मुक्त हो गया है। वहीं कांग्रेस से भाजपा में शामिल होने वाले पूर्व विधायक विजयपाल साजवान का कहना है कि पूर्व विधायक ही नहीं पूरी कांग्रेस एक तरीके से उत्तरकाशी में भाजपा में शामिल हो गई है। इसके बाद तो सवाल यहीं उठ रहा है कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस कैसे खुद को मजबूती से पेश करेगी और कैसे कांग्रेस की नैय्या पार लगेगी। लोकसभा चुनाव से पहले जिस तरह से कांग्रेस के नेता पार्टी का दामन छोड़ रहे है उससे कहीं ना कहीं कांग्रेस कमजोर नजर आ रही है। अब देखना होगा लोक सभा चुनाव में कांग्रेस को इसका कितना खामियाजा उठाना पड़ता है।

भाजपा कांग्रेस में होगा सीधा मुकाबला,चार जून को आयेंगे नतीजे

देहरादून। लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को भारतीय निर्वाचन आयोग ने चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया है। उत्तराखंड में पहले चरण में 19 अप्रैल को पांचों सीटों पर मतदान होगा। वहीं चार जून को मतगणना होगी। वहीं कुमाऊं मंडल की नैनीताल ऊंधमसिंहनगर और गढ़वाल मंडल की हरिद्वार लोकसभा की दो सीटों पर अभी भी सस्पेंस बना हुआ है। इन दो सीटों पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को टिकट मिलने की उम्मीद है। बता दें कि 2019 में भी उत्तराखंड में पहले चरण में ही 11 अप्रैल को वोटिंग हुई थी। तब कुल 61.50 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। यह आंकड़ा वर्ष 2014 लोकसभा चुनाव की तुलना में कम था। नैनीताल संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक 66.39 प्रतिशत और पौड़ी में सबसे कम 48.78 प्रतिशत मतदान हुआ था। जबकि 2014 में 62.15 प्रतिशत मतदान हुआ था। लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान होने के साथ ही प्रदेश में आचार संहिता लागू हो गई है। राज्य में पांच लोकसभा सीटों पर चुनाव होने हैं। इसमें तीन सीटें गढ़वाल और दो सीट कुमाऊं मंडल में हैं। बता दें कि, उत्तराखंड में पांच लोकसभा सीट हैं। चुनाव के लिए भाजपा पांचों सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। यहां हर बार भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला रहा है। टिहरी गढ़वाल सीट से माला राज्यलक्ष्मी शाह, नैनीताल सीट से अजय भट्ट और अल्मोड़ा सीट से अजय टम्टा को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं, पौड़ी गढ़वाल सीट पर सांसद व पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी और हरिद्वार से पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत पर दांव लगाया है। कांग्रेस ने उत्तराखंड की तीन लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। टिहरी गढ़वाल सीट से जोत सिंह गुनसोला, पौड़ी सीट से गणेश गोदियाल और अल्मोड़ा से प्रदीप टम्टा पर दांव खेला गया है। जबकि दो सीटों पर अभी भी सस्पेंस बना है।

हाईकोर्ट ने मांगा आउटसोर्स, संविदा और दैनिक कार्मिकों का डाटा

नैनीताल। नैनीताल हाईकोर्ट ने वन विभाग में कार्यरत संविदा कर्मियों को न्यूनतम वेतनमान देने व उन्हें नियमित करने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने राज्य सरकार को प्रदेश के सभी विभागों में कार्यरत आउटसोर्स, संविदा व दैनिक वेतन कर्मचारियों का डाटा एकत्र कर तीन सप्ताह में रिपोर्ट पेश करने को कहा है, ताकि इन कार्मिकों के हित के लिए कोई योजना बनाई जा सके। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए मई माह की तिथि नियत की है। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई।मामले के अनुसार वन विभाग में कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि वह पिछले कई वर्षों से विभाग में कार्यरत है। उन्हें न तो नियमित किया जा रहा और न ही न्यूनतम वेतनमान दिया जा रहा। पूर्व में एकलपीठ ने उनके हित में फैसला देते हुए कहा था कि उन्हें न्यूनतम वेतन व नियमित किया जाए। लेकिन सरकार ने इस आदेश को खंडपीठ में चुनौती देते हुए कहा कि उनके पास यह पद स्वीकृत नहीं हैं और न ही सरकार के पास इन्हें न्यूनतम वेतन देने के लिए बजट है। इसलिए एकलपीठ के आदेश को निरस्त किया जाय। जिस पर कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि राज्य सरकार सभी विभागों में कार्यरत संविदा कर्मियों व आउटसोर्स के माध्यम से लगे कर्मचारियों की लिस्ट पेश करें। ताकि उनके भविष्य के लिए कोई नीति बनाई जा सके।

दसवीं के छात्र ने निगला विषैला पदार्थ, मौत

हल्द्वानी। संदिग्ध परिस्थिति में विषैला पदार्थ निगलने वाले दसवीं के एक छात्र की इलाज के दौरान सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में मौत हो गई। इकलौते बेटे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मुखानी थाना क्षेत्र के कुसुमखेड़ा स्थित गायत्री नगर निवासी यश पांडे पुत्र प्रवीण पांडे (16) की 15 मार्च को दसवीं की अंतिम परीक्षा थी लेकिन ठीक एक दिन पहले उसकी तबीयत बिगड़ी और परिजनों को उसे एसटीएच में भर्ती कराना पड़ा। ताऊ पीतांबर ने बताया कि यश ने 14 मार्च को परिवार के साथ खाना खाया था। खाने के बाद अचानक उसे उल्टी हुई थी। इस पर परिजनों ने उसे एसटीएच में भर्ती कराया। दो दिन तक वह अस्पताल में भर्ती रहा। शुक्रवार को छात्र की मौत के बाद पुलिस ने शव मोर्चरी भिजवा दिया। यश घर का इकलौता बेटा था। परिवार में उससे छोटी बहन है। पिता निजी कर्मचारी हैं और मां आशा वर्कर हैं। यश की मौत से परिजन सदमे में हैं। मेडिकल चौकी प्रभारी प्रवीण तेवतिया ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

अनुकृति समेत चार नेताओं ने छोड़ी कांग्रेस पार्टी

देहरादून। लोकसभा चुनाव से पहले शनिवार को कांग्रेस को एक ही दिन में तीन बड़े झटके लगे। दोपहर को पार्टी की चर्चित चेहरा माने जाने वाली नेता अनुकृति गुसाईं ने इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी ने इसकी पुष्टि की है। वहीं, शाम को पौड़ी से भी कांग्रेस को झटका मिला। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष केसर सिंह नेगी ने पार्टी से त्यागपत्र दे दिया। उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से पार्टी छोड़ दी। वहीं, विकासखंड कोट के पूर्व प्रमुख व कांग्रेस के पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नवल किशोर ने भी कांग्रेस का हाथ छोड़ दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी साझा की। इसके अलावा पौड़ी ब्लॉक प्रमुख दीपक कुकसाल ने भी कांग्रेस छोड़ दी। चर्चा यह भी है कि वह भाजपा में शामिल हो सकते हैं। बता दें कि अनुकृति गुसाईं मिस इंडिया भी रह चुकी हैं। वह पूर्व मंत्री कैबिनेट मंत्री रहे हरक सिंह रावत की बहू भी हैं। वह पहाड़ की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लंबे समय से काम कर रही हैं। हाल में हरक के आवास पर ईडी की टीम ने छापा मारा था। इसके बाद से हरक को लेकर तमाम तरह की कयासबाजी का दौर चल रहा है। इस बीच शनिवार को अचानक उनकी पुत्रवधू अनुकृति गुसाईं ने कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।

सजवाण और मालचंद भाजपा में शामिल

उत्तरकाशी। गंगोत्री के पूर्व विधायक विजय पाल सजवाण और पुरोला के पूर्व विधायक मालचंद ने आज भाजपा का दामन थाम लिया। उन्होंने कल ही कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया था। शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने दोनों नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल भी कार्यकर्म में मौजूद रहे। कांग्रेस में पार्टी छोड़ने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गढ़वाल संसदीय सीट के पूर्व प्रत्याशी मनीष खंडूड़ी ने कांग्रेस छोड़ कर पार्टी को झटका दिया था। आज पार्टी की चर्चित चेहरा माने जाने वाली नेता अनुकृति गुसाईं ने दिया इस्तीफा दे दिया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष राणा ने कहा कि जिस पार्टी ने सजवाण को 20 सालों तक शीर्ष नेतृत्व में रखा, दो बार विधायक बनाया। उसे छोड़कर जाना कहीं न कहीं कार्यकर्ताओं को निराश करता है।

सावरा रंग लाल कर डारिहो,मलत गुलाल दोऊ गालन में..

कुमांऊनी बैठकी होली महोत्सव में होलियारों ने मचाई धूम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शैल सांस्कृतिक समिति शैल परिषद के तत्वावधान में होली महोत्सव के प्रथम चरण के कार्यक्रम में विभिन्न रागों पर आधारित कुमाऊं की प्रसिद्ध बैठकी होली का आयोजन शैल भवन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शैल परिषद के संरक्षक नवीन चन्द्र पाण्डे ,भारत लाल साह , अध्यक्ष गोपाल पटवाल, महामंत्री दिवाकर पांडेय वरिष्ठ होलियार प्रभात साह व होलयार नरेन्द्र पन्त,संजय जोशी ने संयुक्त रूप से श्री राधा कृष्ण एवं मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया । तत्पश्चात हुक्का क्लब अल्मोड़ा के वरिष्ठ होलियार प्रभात साह ने राग यमन कल्याण में मलत-मलत भये लाल नयना....कन्हैय्या मत मारो नयना गुलाल, गाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसके पश्चात हल्द्वानी से आए संजय जोशी ने राग ष्काफीष्में गावो सुहागिन होरी... बरस की शुभ ऋतु अलबेली, गाकर मंत्रमुग्ध किया। इसके बाद नरेंद्र पंत ने राग 'जंगला काफी' में सांची कहो मोसे बतीया बलम...तैने कहा बिताई सारी रतिया बलम, राग 'खम्माज' में बसंत बिष्ट ने आज राधे रानी चली ब्रिज नगरी.. राज मंडल में धूम मची है आज, राग रसिया में दिवाकर पांडे ने रंग डालूंगी मैं नंद जी के लालन पर. ....सावरा रंग लाल कर डारिहो, मलत गुलाल दोऊ गालन में, इसके पश्चात रात के अलग अलग पहरों में प्रदेश के विभिन्न शहरों से आए प्रसिद्धि होलीयारों ने विभिन्न रागों -राग कॉफी ,जंगला काफी, खम्माज,माड, सहाना, विहाग ,राज देश, जै-जैवंती बागेश्री, परज आदि रागों पर आधारित होली गीत गाकर दर्शकों को मंत्र मुग्ध किया। होली गायकी का यह क्रम अनवरत पूरी रात चलते हुए प्रात:4बजे राग भैरवी से बैठकी होली का समापन हुआ। छ्तबले और हारमोनियम पर क्रमश प्रभात शाह,धर्नीधर पाण्डे, चंद्रेश पन्त ,दिवाकर पांडेय, चित्रेश त्रिपाठी, बसंत बिष्ट, संदीप गोरखा आदि की संगत दी और उनकी थिरकती उंगलियों ने दर्शकों को नाचने के लिए मजबूर कर दिया । इस अवसर पर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह,पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री हरीश पनेरु,पूर्व स्वास्थ्य महानिदेशक डा0एल एम0उप्रेती , शैल सांस्कृतिक समिति (शैल परिषद)के संरक्षक श्री भारत लाल शाह ,अध्यक्ष गोपाल सिंह पटवाल, महामंत्री दिवाकर पांडे ,कोषाध्यक्ष डीव के वदनाई, सतीश ध्यानी, मोहन सिंह बिष्ट,राजेंद्र बोरा, दिनेश बम, मोहन उपाध्याय, हरीश मिश्रा,दिनेश भट्ट,कीर्ति निधि शर्मा, हरीश दनाई ,मनोज शर्मा,डी एस मेहरा ,महेश कांडपाल, जगदीश बिष्ट, राजेंद्र बलौदी, संजीव बुधौरी ,धीरज पांडे ,गगन काण्डपाल,नरेन्द्र रावत,अतुल पाण्डे, त्रिभुवन जोशी, अवतार सिंह सतीश लोहनी,भास्कर जोशी, ललित दुम्का, त्रिलोचन पनेरू, उत्तम सिंह रावत, के एन जोशी, धीरज गोस्वामी, देव मथेला, लक्ष्मी दत्त जोशी , दुर्गा शाह,गीता भट्ट, सुधा पटवाल,विनीता पांडे,सुनीता पांडे, सरिता उपाध्याय,किरन बोरा,चंदा बम, आशा लोहनी, गीता भट्ट,नीलम कांडपाल,गीता बिष्ट आदि थे। जबकि होलियारों में धर्नीधर पांडे(हुक्का क्लब अल्मोड़ा) ,संजय जोशी हल्द्वानी, प्रभात शाह अल्मोड़ा, कमल जोशी हल्द्वानी ,चंद्रेश पंत,नरेंद्र पंत, संदीप गोरखा, ललित मास्साब, के सी त्रिपाठी ,गणेश पंत, कैलाश जोशी चंद्रेश पंत, हेमंत त्रिवेदी, नरेश चम्याल, चंदू जोशी ,राजेंद्र कोठारी, संदीप गोरखा, मोरन्ना महाराज, मोहित उपाध्यक्ष बसंत बिष्ट आदि थे। संचालन परिषद महामंत्री एडवोकेट दिवाकर पांडे ने किया।

सड़कों और चौराहों से हटाये होर्डिंग और बैनर

चुनाव की घोषणा होते ही जिले में दो माह के लिए धारा 144 लागू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही ऊधमसिंह नगर में दो माह के लिए धारा 144 लागू कर दी गई है। वहीं रुद्रपुर में सभी राजनैतिक दलों के बैनर और पोस्टर हटाए जाने लगे हैं। । गत सायं से यहां नगर निगम के कर्मचारियों ने सड़कों के किनारे चौराहों पर लगे राजनीतिक बैनर हटाने का काम शुरू कर दिया है। जो आज भी जारी रहा। अगले 24 घंटे के अंदर सभी राजनीतिक होर्डिंग हटाए जाने हैं। लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के साथ ही डीएम ने जिले में दो महीने के लिए धारा 144 लागू कर दी है। उन्होंने कहा कि राज्य में मतदान 19 अप्रैल को तथा मतगणना चार जून को होनी है। इस बीच होली, चैत्र नवरात्र व ईद का त्योहार भी है। जिले से यूपी की सीमा सटी होने से असामाजिक तत्वों के निर्वाचन प्रक्रिया को बाधित करने, सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने व धार्मिक उन्माद फैलाकर ध्रुवीकरण का प्रयास किया जा सकता है। डीएम उदयराज सिंह ने आदेश में कहा कि विभिन्न राजनीतिक दल, संगठन, उम्मीदवार, व्यक्ति चुनाव को प्रभावित करने के लिए प्रलोभन देने का प्रयास कर सकते हैं। इस कारण तत्काल प्रभाव से दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत जिले में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। इस दौरान कहीं भी पांच या उससे से अधिक लोग एकत्र नहीं होंगे। पुलिस, ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों, धार्मिक स्थलों, विद्यालयों, स्कूल, कॉलेज संस्थानों में विद्यार्थियों, बरातियों, शवयात्रा, उद्योग इकाइयों में कार्यरत कर्मचारियों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर एकत्रित लोगों पर यह आदेश लागू नहीं होगा। डीएम ने कहा कि किसी धर्म , संप्रदाय जाति या सामाजिक वर्ग के लोगों की भावना आहत न हो। न ही मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर व गुरुद्वारा का चुनाव प्रचार में उपयोग हो। मतदान केंद्र की प्रतिबंधित सीमा के अन्दर चुनाव प्रचार नहीं होगा। मतदान केंद्रों में कब्जा करने या मतदान रोकने का प्रयास किया तो कार्रवाई होगी। किसी भी उम्मीदवार की ओर से अन्य उम्मीदवार या उसके समर्थकों के पुतले लेकर चलने, उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर जलाने तथा इस प्रकार के अन्य विरोध प्रदर्शन भी नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्र, उपकरणों का प्रयोग, रोड शो, जुलूस, जनसभा व वाहन रैली आदि नहीं होंगी। कोई भी व्यक्ति 50 हजार से अधिक राशि लेकर नहीं चलेगा। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आईपीसी की धारा-188 के तहत कार्रवाई होगी।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-

विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर

निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभव:-

पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग

असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।

DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970

DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग

मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)

होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी । डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

उत्तराखंड में आने वाले डीजल वाहनों का कटेगा ग्रीन एंट्री सेस

देहरादून। दूसरे राज्यों से आने वाले डीजल वाहनों को अब उत्तराखंड में प्रवेश करते ही फास्टैग के माध्यम से ग्रीन एंट्री सेस देना होगा। राज्य सरकार इसके लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के साथ करार करने जा रही है। राजधानी देहरादून समेत पूरे प्रदेश में स्वच्छ गतिशीलता परिवर्तन नीति लागू करने के लिए शुक्रवार को शासनादेश जारी कर दिया गया। देहरादून में सबसे पहले डीजल सार्वजनिक यात्री वाहनों को हटाकर सीएनजी-इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के लिए अनुदान मिलेगा। जल्द ही पूरे प्रदेश में यह प्रक्रिया शुरू होगी। बृहस्पतिवार को कैबिनेट ने स्वच्छ गतिशीलता परिवर्तन नीति को मंजूरी देकर सार्वजनिक डीजल यात्री वाहनों के बदले सीएनजी-इलेक्ट्रिक वाहनों को खरीदने के लिए प्रोत्साहन अनुदान राशि देने का फैसला लिया। इसमें प्रोत्साहन योजना के सभी बिंदुओं को स्पष्ट किया गया। बताया गया कि स्वच्छ गतिशीलता परिवर्तन नीति को परिवहन विभाग की ओर से वित्त पोषित किया जाएगा। हालांकि, अनुदान का भार सरकार पर नहीं पड़ेगा। इसके लिए सरकार की ओर से 'उत्तराखंड क्लीन मोबिलिटी ट्रांजेशन फंड' बनाया जा रहा है। इसमें विभिन्न स्रोतों से प्राप्त राशि फंड के रूप में जमा की जाएगी। इस फंड का उपयोग अनुदान राशि वितरित करने में होगा। परिवहन सचिव अरविंद सिंह ह्यांकी ने बताया कि राज्य में पहले ही वाहनों के पंजीकरण के समय ग्रीन सेस लिया जाता है। अब बाहर से आने वाले डीजल वाहनों से फास्टैग के माध्यम से ग्रीन एंट्री सेस वसूल किया जाएगा। ग्रीन सेस और ग्रीन एंट्री सेस से अनुदान राशि का वितरण करने की योजना है। प्रोत्साहन राशि में जितनी भी धनराशि कम पड़ेगी, वह राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी।

पुलिस ने टांडा उज्जैन तिराहे पर चलाया सघन चेकिंग अभियान

काशीपुर(उद संवाददाता)। शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने की नियत से टांडा उज्जैन चौकी पुलिस ने सिटी पेट्रोल यूनिट के जवानों के साथ सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाते हुए सड़कों पर बगैर हेलमेट फर्राटा भरने वाले दर्जनों वाहनों के चालान काटते हुए उन्हें सख्त ताकीद किया। टांडा उज्जैन चौकी में तैनात तेज तर्रार एस आई कंचन पलड़िया ने रोजाना की भांति शनिवार की शाम कांस्टेबल देवानंद एवं सीपीयू के सुरेश रावत व प्रणव राठी के साथ मिलकर दो पहिया वाहनों की सघन जांच पड़ताल की। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीम ने बगैर हेलमेट सड़कों पर फर्राटा भरने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उन्हें ट्रैफिक नियमों का पाठ पढ़ाया। इसी के साथ पुलिस टीम ने ट्रिपल राइडिंग, एवं पटाखा युक्त साइलेंसर लगी बुलेट मोटरसाइकिल पर भी पैनी नजर बनाए रखी। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस एवं सीपीयू के जवानों में चार पहिया वाहनों में बगैर सीट बेल्ट ड्राइविंग करने वालों को भी यातायात के नियमों की नसीहत दी। पुलिस की कार्यवाही से वाहन चालकों में हड़कंप देखा गया।

नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को दस वर्ष का कठोर कारावास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। बंगाली समाज की नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ दुराचार करने वाले मुस्लिम युवक को पॉक्सो न्यायाधीश अश्वनी गौड़ में दस वर्ष के कठोर कारावास एवं 40, हजार रुपया जुर्माने की सजा सुना दी। विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने बताया कि दिनेशपुर थाने में बंगाली समाज की एक महिला द्वारा 4 जुलाई 2018 को रिपोर्ट दर्ज कराई गई है कि प्रात: 6 बजे एक अज्ञात युवक उसकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री का अपहरण कर भगा ले गया है। बहुत तलाश करने के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल पा रहा है। पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू की गयी। पुलिस ने 7 जुलाई 2018 को ग्राम जाफरपुर के पास से मोहम्मद समीर पुत्र मोहम्मद इस्लाम निवासी गुलाबबाड़ी थाना कटघर जिला मुरादाबाद यूपी के कब्जे से लड़की को बरामद कर लिया तथा मुलजिम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लड़की के मेडिकल परीक्षण में उसके साथ दुराचार करने की पुष्टि हुई ।अभियुक्त के विरूद्ध पॉक्सो न्यायाधीश अश्वनी गौड़ की कोर्ट् में मुकदमा चला जिसमें विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने 7 गवाह पेश कर आरोप सिद्ध कर दिया जिसके बाद न्यायाधीश अश्वनी गौड़ द्वारा शनिवार को अभियुक्त मोहम्मद समीर को धारा 363 आईपीसी में 4 वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने, धारा 366 आईपीसी में 5 वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने तथा धारा 376(2) आईपीसी में 10 वर्ष के कठोर कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी साथ ही कहा कि जुर्माने की धनराशि पीड़िता को प्रतिकर के रूप में मिलेगी और राज्य सरकार को निर्देश दिए कि वह पीड़िता को मुआवजे के रूप में 4 लाख रुपए प्रदान करें।

मजदूरी बढ़ने पर ठेका श्रमिकों ने जताया आभार

पंतनगर(उद संवाददाता) राज्य के 57 अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत श्रमिकों की मजदूरी का पुनरीक्षण कर उसमें 25 प्रतिशत वृद्धि की अधिसूचना जारी होने से ठेका श्रमिकों में खुशी का माहौल है। उन्होंने दैनिक मजदूरी में की गई वृद्धि पर खुशी जताते हुए शहीद चौक पर आतिशबाजी की और विधायक तिलकराज बेहड़ का स्वागत किया। विधायक बेहड़ ने कहा कि उन्होंने बीती 26 फरवरी को विधानसभा में पंतनगर विवि में दैनिक मजदूरी कम होने का मुद्दा विधानसभा में उठाया था। जिस पर कृषि मंत्री व श्रम विभाग ने आश्वस्त किया था कि वह 15 दिन के अंदर आप लोगों की दैनिक मजदूरी बढ़ाएंगे। कहा कि अभी यह लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। इस दौरान इंटक जिलाध्यक्ष जनार्दन सिंह, महेंद्र शर्मा, संतोष कुमार, मनोहर वाल्मीकि, अतुल वर्मा, राजेश प्रताप सिंह, जगदीश कुमार, रविंद्र चौबे आदि मौजूद रहे।

खेल प्रतिभाओं को ठुकराल ने किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रदेश सरकार द्वारा नेशनल चैंपियन निखिल भारती को युवा कल्याण अधिकारी और उनके छोटे भाई इशू भारती को उत्तराखंड पुलिस ग्रह विभाग में नियुक्ति दिये जाने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने दोनों के निवास पर पहुंचकर उन्हें बधाई देकर सम्मानित किया। बता दें पिछले दिनों प्रदेश सरकार ने मुख्य सेवक सदन में खेल नीति-2021 के अंतर्गत विभिन्न पदों पर चयनित राज्य के 31 विशिष्ट खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए थे। जिसमें रूद्रपुर के निखिल भारती को प्रदेश सरकार ने युवा कल्याण अधिकारी व्यायाम प्रशिक्षक के रूप में नियुक्ति प्रदान की है। जबकि इशू भारती को उत्तराखण्ड पुलिस ग्रह विभाग में नियुक्ति प्रदान की गयी है। निखिल भारती ने गोवा में आयोजित 37वें राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण और कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया था। इस उपलब्धि पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने दोनों होनहार युवाओं को उनके घर जाकर बधाई दी और सम्मानित किया। इस अवसर पर ठुकराल ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खिलाड़ियों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए जो कार्य किया है वह सराहनीय है। इससे खिलाड़ियों का हौसला बढ़ेगा।

चंडीपुर में अफीम की खेती करने पर केस दर्ज

दिनेशपुर। जिले में गुपचुप तरीके से अफीम की खेती की जा रही है। केलाखेड़ा के बाद पुलिस ने दिनेशपुर में हो रही अफीम की खेती पकड़ी है और हरे पौधे, फल जब्त कर लिए हैं। शुक्रवार शाम दिनेशपुर पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम चंडीपुर में स्फैक्स कंपनी के पीछे अफीम की खेती की जा रही है। टीम ने स्फैक्स कंपनी की दीवार से लगते हुए एक खेत में करीब 507 वर्ग फीट भूमि में अफीम की खेती पकड़ी। पुलिस को जांच में पता चला कि यह खेत प्यारे सिंह का है। इस खेत पर उसका पुत्र परमजीत सिंह उर्फ पम्मा खेती कर रहा है। पुलिस ने नायब तहसीलदार की मौजूदगी में खेत से अफीम के हरे पौधे फूल व फल सहित (डोडा पोस्त) 76.8 किलोग्राम जब्त किया है। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि अभियुक्त परमजीत के खिलाफ धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। जल्द ही उसकी गिरफ्तारी की जाएगी।

पहले चरण में प्रदेश की पांचों सीटों पर चुनाव की तैयारियां पूरी, 27 मार्च से होंगे नामांकन

उत्तराखंड में 19 अप्रैल को होगा मतदान

83 लाख 21 हजार 207 मतदाता करेंगे मतदान, पहली बार 1.45 लाख युवा देंगे वोट

देहरादून(उद संवाददाता)। देश में आम चुनाव की तिथियों को ऐलान हो चुका है। उत्तराखंड से चुनाव की इस रणभेरी में 83 लाख 21 हजार 207 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। 93,357 सर्विस मतदाताओं के शत-प्रतिशत मतदान की तैयारी भी पूरी कर ली गई है। शनिवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने प्रेस वार्ता कर बताया कि राज्य में लोकसभा चुनाव पहले चरण में होगा। इसके लिए 20 मार्च से नामांकन शुरू होकर 27 मार्च तक चलेंगे। नाम वापसी 30 मार्च तक होगी। राज्य में मतदान 19 अप्रैल को होगा, जिसके लिए 11729 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस बार 43 लाख आठ हजार 904 पुरुष, 40 लाख 12 हजार छह महिला, 297 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। इसके अलावा 93357 सर्विस मतदाता हैं, जिनमें 90763 पुरुष और 2594 महिला मतदाता शामिल हैं। एक प्रत्याशी के लिए चुनाव खर्च सीमा 95 लाख रुपये है। मंगलौर विधानसभा का उपचुनाव फिलहाल लटक गया है। चुनाव आयोग ने यहां के मतदान की तिथियां जारी नहीं की हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम का कहना है कि हाईकोर्ट में पूर्व से दायर याचिका के चलते अभी तिथियां जारी नहीं हुईं। प्रेस वार्ता के दौरान अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदण्डे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप शाह, नमामि बंसल, मस्तू दास भी मौजूद रहे। **अधि**

सूचना जारी होने की तिथि – 20 मार्च, 2024 (बुधवार) नाम निर्देशन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि– 27 मार्च, 2024 (बुधवार) नाम निर्देशन पत्रों की जांच की तिथि – 28 मार्च, 2024 (गुरुवार) नाम वापसी की अंतिम तिथ– 30 मार्च, 2024 (शनिवार) मतदान की तिथि –19 अप्रैल, 2024 (शुक्रवार) मतगणना की तिथि– 04 जून, 2024 (मंगलवार) **उत्तराखंड में मतदाता:** कुल मतदाता– 83,21,207 लाख,पुरुष मतदाता– 43.08 लाख, महिला मतदाता– 40.12 लाख, थर्ड जेंडर 297, 85 साल से ऊपर मतदाता 65177, युवा मतदाता 145202 दिव्यांग मतदाता– 79965 ,11729 पोलिंग स्टेशन,93357 कुल सर्विस मतदाता। प्रदेश में इस साल एक लाख 45 हजार 220 युवा मतदाता ऐसे हैं, जो पहली बार ईवीएम का बटन दबाएंगे। इनमें 79796 पुरुष, 65415 महिला और नौ ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। प्रदेश में इस बार 65177 ऐसे मतदाता हैं, जिनकी आयु 85 वर्ष से अधिक है। इसके अलावा 79,965 मतदाता ऐसे हैं, जो दिव्यांग हैं। इन सभी मतदाताओं को चुनाव आयोग घर से मतदान का विकल्प दे रहा है। इसके लिए उन्हें बीएलओ के माध्यम से फॉर्म 12-डी उपलब्ध कराया जाएगा। जो फार्म को भरेगा, उसी आधार पर चुनाव आयोग घर से मतदान की सुविधा देगा। इन मतदाताओं को पोलिंग बूथ पर कतार में नहीं लगना पड़ेगा। प्रदेश में 30 पोलिंग स्टेशन ऐसे हैं, जहां पहुंचने के लिए पोलिंग पार्टियों को कम से कम तीन दिन पहले रवाना किया जाएगा। 1155 पोलिंग स्टेशन ऐसे हैं, जहां दो दिन पहले पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। बाकी 10544 ऐसे हैं, जहां एक दिन पहले पोलिंग पार्टियां भेजी जाएंगी। प्रदेश में अभी करीब 1410 अति संवेदनशील बूथ हैं। **उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर पुरूष और महिला मतदाता:** टिहरी 14,65, 475,15,74,144 गढ़वाल 13,37,306, 13,66,983 अल्मोड़ा 13,21,658, 13,37,648 नैनीताल 17,88,737, 20,10,800 हरिद्वार18,03,950, 20,31,632। 1704 **पोलिंग स्टेशन:** प्रदेश के 1704 पोलिंग स्टेशन ऐसे हैं, जिन पर ज्यादा खर्च का अंदेशा है। पुलिस अधिकारी अंशुमन ने बताया कि इसके लिए निगरानी की योजना तैयार कर ली गई है। वहीं, प्रदेश में 15 ऐसी विधानसभा चिन्हित की गई हैं, जहां खर्च का अंदेशा ज्यादा है।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के लिए 42 हजार सुरक्षाकर्मी चुनाव ड्यूटी में तैनात होंगे

देहरादून। देश में आम चुनाव का बिगुल बज चुका है। उत्तराखंड में भी चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। प्रदेश में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। इसे लेकर पुलिस प्रशासन ने भी कमर कस ली है। एडीजी एलओ एपी अंशुमन ने प्रेसवार्ता में बताया कि 10 हजार पुलिसकर्मियों का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। 20 कंपनी सीएपीएफ मिल चुकी हैं। 40 से 42 हजार पुलिसकर्मी मतदान में ड्यूटी करेंगे। 115 कंपनी सीएपीएफ और राज्य की 22 आर्म्ड कंपनी होंगी। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती जिलों के पुलिस कप्तानों से समन्वय के लिए 20 बैठकें हो चुकी हैं। कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान कराया जाएगा। 30 ऐसी सीमावर्ती लोकेशन हैं, जहां पुलिस ड्रोन से भी निगरानी करेगी। 93 बैरियर पर सीसीटीवी लगाए जा रहे हैं। चुनाव के लिए लाइसेंसी हथियार रविवार से जमा होंगे। प्रदेश में करीब 47,200 लाइसेंस जारी हुए हैं, जिनके जिलावार हथियार जमा कराए जाएंगे।

सीसीटीवी, ड्रोन से होगी सख्त पहरेदारी: अंशुमन

देहरादून। एडीजी एलओ एपी अंशुमन ने प्रेसवार्ता में उन्होंने बताया कि सीमावर्ती जिलों के पुलिस कप्तानों से समन्वय के लिए 20 बैठकें हो चुकी हैं। कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान कराया जाएगा। 30 ऐसी सीमावर्ती लोकेशन हैं, जहां पुलिस ड्रोन से भी निगरानी करेगी। 93 बैरियर पर सीसीटीवी लगाए जा रहे हैं। **चुनाव के लिए कंट्रोल रूम बना, नंबर जारी:** प्रदेश के 11729 में से 5865 पोलिंग स्टेशनों पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से लाइव वेब कास्टिंग की जाएगी। इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राज्य और जिलों में नियंत्रण कक्ष बनेंगे। चुनाव आयोग दिल्ली में बैठकर भी इन बूथों पर चल रही चुनाव की पूरी प्रक्रिया को ऑडियो सहित देख व सुन सकेगा। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह शाह ने बताया कि लोक सभा चुनाव के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय का राज्य स्तरीय निर्वाचन कंट्रोल रूम सचिवालय स्थित अब्दुल कलाम भवन के भूतल स्थित कक्ष-101 के सामने स्थापित किया गया है। इसके लिए टेल फ्री नंबर 18001301950 जारी किया गया है। इसके अलावा हेल्पलाइन नंबर 0135-2664302, 0135-2664303, 0135-2664304, 0135-2664305, 0135-2664306 पर भी कॉल कर सकते हैं।

विधायक सुमित ने किया 23.46 लाख की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आदर्श आचार संहिता लगने से कुछ घंटे पहले शनिवार को विधायक सुमित हृदयेश ने 23.46 लाख लागत की विभिन्न अति महत्वपूर्ण योजनाओं का ताबड़तोड़ शिलान्यास और उद्घाटन कर नगर वासियों को होली से पूर्व ही होली की सौगात दे दी।इस दौरान विधायक सुमित ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में विकास कार्य कैसे होता और और कैसे कराया जाता है ये सब उन्होंने अपनी माताजी स्व. डॉ. इंदिरा हृदयेश से सीखा है। एक सच्चा जननेता वही है जो जनता की भलाई के लिए किसी भी हद से गुजर जाये। सुमित हृदयेश ने कहा कि सबके सामने देश के लिए नई सरकार चुनने का मौका है। हमे इस मौके को गवाना नही है, सोच समझ कर उनको आगे लाना है जो आम जनमानस के मन की बात सुन उनकी परेशानियों का समाधान करने का कार्य कर सकता हो।शिलान्यास और उदघाटन कार्यक्रम में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट, महेश जोशी, मन्नू गोस्वामी, गुरुप्रीत सिंह प्रिन्स, दिलीप सिंह मेहता, बबलू बिष्ट, इंदर बिष्ट, चंदन कांडपाल, दिनेश कांडपाल, महिपाल सिंह, चंदन भाकुनी, मनोज कांडपाल, हेम कांडपाल, गणेश टम्टा, पुष्पा मेहता, मीनाक्षी नयाल, शांति कोरंगा, सीमा लोहानी, संगीता देवी, दीपा देवी, दीपा गोस्वामी, सुनीता टम्टा, सीमा भट्नागर, खिला बर्गली, ममता नेगी, तारा सिंह, मोहन जोशी, गीता बर्गली, नंदन सिंह, मनमीत गुजराल, चरनजीत सिंह बिन्द्रा, अमरजीत सिंह बिंद्रा, परमजीत सिंह, बंटी साहनी, बबनित सिंह, गुरदीप सिंह, रमनजीत सिंह, करन अरोड़ा आदि लोग मौजूद थे।

भूमाफियाओं ने बाबरखेड़ा मोड पर खत्म कर दिए बाग, काट दी कालोनी

बेलगाम भू माफियाओं पर नहीं कसा जा रहा है शिकंजा

काशीपुर(उद संवाददाता)। जिला विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध तरीके से काटी जा रही कॉलोनीयों के खिलाफ अभियान तेज करने के बावजूद यहां काशीपुर में भूमाफियाओं पर कोई खास फर्क नहीं देखा जा रहा है। हरिया वाला रोड पर बाबर खेड़ा मोड़ के समीप एक भू माफिया ने सैकड़ो हरे भरे आम के वृक्षों पर आरी चला दी। पर्यावरण को बड़ा नुकसान पहुंचाते हुए बाकी का बचा बाग भी भू माफिया के निशाने पर है। जानकार बताते हैं कि उक्त स्थान पर नियम कायदों को ताक पर रखकर जमीन के बड़े हिस्से में कालोनी काटी जा रही है। बताया गया की उपजाऊ भूमि पर नियम विपरीत तरीके से कालोनी काटने को लेकर नक्शा तक पास नहीं कराया गया। इसी तरह कुंडा चौराहे पर भी बगैर नक्शा पास कराए काटी गई कॉलोनीयों को भू माफिया मनमाने दामों पर बेचने का काम कर रहे हैं। ऐसे ही बैलजोड़ी मोड़ के समीप बेस पॉइंट के सामने कई एकड़ भूमि पर बगैर नक्शा पास कराए कॉलोनियों को काटकर बेचने का काम किया जा रहा है। ग्रीन जोन की भूमि पर मकान बनाने अथवा वैध कॉलोनी काटे जाने की अनुमति का प्रावधान नहीं है। यह भूमि कृषि की मानी जाती है। कॉलोनाइजर्स इस नियम का भी उल्लंघन कर रहे हैं। ग्रीन जोन में भी अवैध तरीके से प्लांटिंग की जा रही है। मजे की बात तो यह है कि कृषि की भूमि पर काटी जा रही है अवैध कालोनियों में कॉलोनाइजर द्वारा सड़क बिजली पानी स्ट्रीट लाइन सीवेज ड्रेनेज सिस्टम समेत सुरक्षा के तमाम इंतजामोंका के दावे किए जा रहे हैं जबकि संबंधित विभाग को इस बारे में कोई जानकारी ही नहीं है।

डीएम ने राजनीतिक दलों को पढ़ाया आचार संहिता का पाठ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना सिंह ने कैंप कार्यालय में आदर्श आचार संहिता के संबंध में राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों से आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के साथ साथ निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने जाने हेतु अपेक्षित सहयोग की अपील की। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों के नामांकन, घोषणा पत्र एवं आचार संहिता के दौरान आयोग की गाइडलाइन दिशा निर्देशों तथा विभिन्न प्रकार की अनुमतियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन अवधि के दौरान नाम-निर्देशन दायर करने और अनुमति प्राप्ष्त करने के लिए अभ्यर्थियों की प्रक्रिया को सरल बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। इस दिशा में सुविधा वेब एप्लीकेशन के माध्यम से नाम-निर्देशन और अनुमति ऑन लाइन दर्ज की जा सकती है। उन्होंने राजनीतिक दलों से अधिकाधिक सुविधा एप के माध्यम बसे ऑन लाइन आवेदन करने की बात कही। साथ ही बताया कि मीडिया सर्टिफिकेशन और मॉनिटरिंग समिति से ली जाने वाली अनुमतियोंके संबंध में वैबसाईट में nainital mcmc2024 @ gmail-com पर आवेदन किया जा सकता है। बैठक में सभी राजनीतिक दलों से उनके स्टार प्रचारकों की रैलियों, रोड शो एवं अन्य आयोजनों के लिए व्यय के प्रावधान संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही आदर्श आचार संहिता के नियमों के अनुपालन करने को कहा। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों को आश्वस्त किया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी भी राजनीतिक दल को किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने में अथवा किसी प्रकार की कठिनाई के समाधान के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी और कंट्रोल रूम से सम्पर्क किया जा सकता है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी पीआर चौहान, प्रभारी अधिकारी तुषार सैनी,जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, जिला उपाध्यक्ष बहादुर सिंह बिष्ट, दीप चंद्र पाठक, जिला महामंत्री रंजन सिंह बर्गली, राजेंद्र सिंह भाकुनी, राहुल झिंगरान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

स्काईनेट कंप्यूटर संस्थान को मिला टॉप 10 में सम्मान

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। क्षेत्र के स्काईनेट कंप्यूटर संस्थान के संचालक नरेन्द्र गंगवार को मुंबई के कोहिनूर कॉन्टीनेंटल होटल में आयोजित डिजिटल इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च फॉर प्रोफेशनल के डायरेक्टर अमजद साठे व भारत पे फाउंडर अशनीर ग्रोवर द्वारा इंडियाज बेस्ट 100 इंस्टटीयूट अवार्ड शो 2024 में अवार्ड देकर सम्मानित कियाा। संस्थान को पूर्व में भी नगर पंचायत सहित कई संस्थाओं ने शिक्षा क्षेत्र मे बेहतर कार्य को देखते हुए सम्मानित किया जा चुका है। वर्तमान समय संस्था में विभिन्न कोर्स संचालित है सभी कोर्स भारत सरकार से प्रमाणित हैं।

बन्नाखेड़ा में स्टोन क्रशरों की भरमार, माफियाओं का आतंक

सड़कों पर मौत के मानिंद फर्राटा भरते हैं अवैध खनन से ओवरलोड डंपर एवं ट्रैक्टर ट्रॉलियां, सुल्तानपुर पट्टी पुलिस चौकी एक बार फिर सुर्खियों में

बाजपुर(उद संवाददाता)। थाना कोतवाली के अंतर्गत अकेले बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक स्टोन क्रेशर ऐसे हैं जो पूरी तरह अवैध खनन से पोषित हो रहे हैं। नियम कायदों को दरकिनार कर चल रहे इन स्टोन क्रशरों से खनन माफियाओं के सीधे तौर पर तार जुड़े हैं। कोसी दाबका व पथरी नदी से निकलने वाला उप खनिज भारी तादाद में इन्हीं स्टोन क्रशरों में भंडारण किया जाता है। अवैध खनन से ओवरलोड वाहन नदी से चलकर जब स्टोन क्रेशर की ओर फर्राटा भरते हैं तो गंभीर दुर्घटनाओं का जोखिम काफी बढ़ जाता है। क्षेत्र में सड़कों पर मौत की तरह दौड़ने वाले खनन से भरे डंपरों की चपेट में आकर दर्जनों जिंदगियां मौत के मुंह में चली गई लेकिन जिला प्रशासन ने आज तक अवैध खनन पर अंकुश लगाने के कोई सार्थक प्रयास नहीं किए। आरोप है कि स्थानीय चौकी पुलिस खनन माफियाओं को सुविधा शुल्क के दम पर पूरी तरह संरक्षण दिए हुए हैं। इसी तरह राजस्व के अधिकारी यानी लेखपाल तहसीलदार आदि अवैध खनन को देखने के बावजूद किसी प्रकार की कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहे हैं। यानी दूसरी भाषा में कहा जाए तो पुलिस प्रशासन तथा राजस्व विभाग अवैध खनन के गैर कानूनी कारोबार को पूरी तरह संरक्षण दे रहा है। इसी तरह सुल्तानपुर पट्टी पुलिस चौकी अवैध खनन के गैर कानूनी कारोबार को लेकर पिछले कुछ समय से एक बार फिर सुर्खियों में आ चुकी है। यहां खास बात यह है कि अवैध खनन से ओवरलोड अधिकांश वाहन पुलिस की आंख के सामने से होकर गुजर रहे हैं। पूर्व में अवैध खनन को संरक्षण देने तथा लिप्त पाए जाने पर समूची पुलिस चौकी को एसएसपी द्वारा सस्पेंड कर दिया गया था लेकिन भागते वक्त के साथ वर्दी ने मित्रता सेवा सुरक्षा के विभागीय जुमले को ताक पर रखकर हराम की कमाई को एक बार फिर से तवज्जो देना शुरू कर दिया है।

ग्रामीणों को दिन रात सताता है मौत का भय

काशीपुर। बन्नाखेड़ा तथा सुल्तानपुर पट्टी चौकी क्षेत्र में तमाम गांव ऐसे भी है जहां से होकर फर्राटा भरने वाले अवैध खनन से ओवरलोड डंपरों के कारण ग्रामीणों को गंभीर हादसों का खतरा सताता रहता है। नाम न छापने की शर्त पर बन्नाखेड़ा चौकी क्षेत्र के एक गांव से जुड़े व्यक्ति ने बताया कि नदी के छोर से गांव तक 2 किलोमीटर का रास्ता बेहद भयावह है। मार्ग के दोनों ओर भांग के ऊंचे ऊंचे झुरमुटों के बीच से जब खनन भरे वाहन फर्राटा भरते हैं तो प्रतीत होता है जैसे काल स्वयं दस्तक दे रहा हो। पिछले 10 वर्षों के अंतराल में बन्नाखेड़ा चौकी क्षेत्र के खनन वाले इलाकों में तमाम लोग अवैध खनन भारी वाहनों से कुचल कर मौत के मुंह में चले गए लेकिन हराम की कमाई पर विराम नहीं लग सका।

महान गुरमत एवं संत समागम कल

रुद्रपुर। आदर्श कॉलोनी स्थित समाधि श्री 108 संत बाबा गोपाल सिंह जी महाराज गुरुद्वारे में कल 18 मार्च को आयोजित होने जा रहे महान गुरमत एवं संत समागम की तैयारियां पूर्ण हो गयी हैं। समागम का आयोजन गुरुद्वारे के मुख्य सेवादार दास अशोक सिंह की देखरेख में किया जायेगा। समागम में कई संत महापुरुष पहुंचकर अमृत संचार करेंगे और रागी जत्थे गुरु की महिमा का बखान करेंगे। सेवादार दास अशोक सिंह ने बताया कि भजनगढ़ पाकिस्तान के संत बाबा बचन सिंह जी के 16 शिष्यों में से एक संत बाबा गोपाल सिंह जी की याद में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कल महान गुरमत एवं संत समागम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन पिछले 51 वर्षों से निरंतर किया जा रहा है। समागम के उपलक्ष्य में गत 16 मार्च से श्री अखंड पाठ चल रहा है। कल 18 मार्च को प्रात: 10बजे भोग पड़ेगा फिर भव्य दीवान सजाया जायेगा। इस अवसर पर भाई चमनजीत सिंह जी लाल दिल्ली वाले, देवेन्द्र सिंह कविश्री जत्था, भाई हरजिंदर सिंह जी कथावाचक यूके वाले, भाई गुरभेज सिंह जी कथा वाचक रुद्रपुर वाले, भाई पवनदीप सिंह जी कीर्तनी जत्था पटियाला वाले आदि कहीं सन्त महापुरुष सत्संग के माध्यम से संगत को आशीर्वचन देंगे व गुरु की महिमा का बखान कर संगत को निहाल भी करेंगे। इस दौरान गुरु का लंगर दोपहर 1बजे से अटूट बरतेगा। गुरुद्वारे के सेवादार दास अशोक सिंह, आशीष मुंजाल, विक्की मुंजाल ने सभी धर्म प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

आचार संहिता लागू होते ही निगम प्रशासन हुआ सक्रिय

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की घोषणा होते ही नगर निगम प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय हो गया। गत दिवस नगर आयुक्त के नेतृत्व में निगम कर्मियों ने समोएं क्षेत्र में सभी राजनीतिक दलों की लगी प्रचार सामग्री को उतारकर कब्जे में ले लिया। जिलाधिकारी ने दीरदेश देते हैं कि आचार संहिता लागू जीने के तत्काल बाद 24 घंटे के अंदर किसी भी शासकीय कार्यालय भवन, परिसर जिसमें राजकीय कार्यालय स्थापित है आदि में किसी भी प्रकार के राजनैतिक पोस्टर, पंपलेट, बैनर, झण्डा, होर्डिंग्स, वॉल पेंटिंग एवं कटआउट आदि सभी हटाए जाएंगे। 48 घंटे के अंदर रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, एयरपोर्ट, रोडवेज, सरकारी बस, विद्युत/टेलीफोन पोल, नगर निगम/नगर पालिका आदि से और 72 घंटे के अंदर विभिन्न जन संपत्तियों से सभी प्रकार की अनधिकृत राजनैतिक प्रचार सामग्री हटाई जाएगी। नोडल अधिकारी आदर्श आचार संहिता/अपर जिलाधिकारी, शिव चरण द्विवेदी ने स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया है कि यथासमय जिन-जिन स्थानों पर अनधिकृत राजनैतिक प्रचार सामग्रियां लगी हुई हैं या स्थापित हैं, उनको चिन्हित कर लें। निर्वाचन की घोषणा के पश्चात निर्धारित समय में कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही से नोडल अधिकारी आदर्श आचार संहिता/अपर जिलाधिकारी को सूचित करें ताकि समयान्तर्गत कृत कार्यवाही से भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखंड को भी ससमय सूचित किया जा सके।

आचार संहिता का कड़ाई से कराया जायेगा पालन: डीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्वाचन घोषणा के उपरांत जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है इसलिए सौहार्द पूर्व से सम्पन्न कराना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता का निर्वहन करते हुए प्रचार करें व रैली, वाहन, ध्वनि विस्तारक यंत्र आदि के लिए पूर्व अनुमति लेना आवश्यक होगी। उन्होने कहा धार्मिक स्थलों, विद्यालयों, चिकित्सालयों आदि का प्रचार हेतु उपयोग प्रतिबन्धित होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि रानैतिक पार्टियां व प्रत्याशी आपत्तिजनक टिप्पणी से बचे तथा आयोग व संविधान का पालन करें। उन्होने कहा एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी, एलएमटी टीमों को सभी राजनैतिक दल सहयोग करेंगें। उन्होने कहा कि ईवीएम, कार्मिक, रैंडमाइजेशन व ईवीएम को स्ट्रॉग रूम तक लाते-ले जाते समय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेगें। सोशल मीडिया प्रचार से पूर्व एमसीएमसी से प्रमाणन कराना सुनिश्चित करेगें। सार्वजनिक सम्पत्ति पर प्रचार सामग्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेगा, निजी सम्पत्ति पर प्रचार सामाग्री लगाने हेतु सम्बन्धित की अनुमति लिखित रूप से अनिवार्य होगी। स्टार प्रचारको के आने से पूर्व सभा स्थल, रैली व हैलीपैड की समय से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। प्रचार वाहनों की अनुमति अनिवार्य होगी व अनुमति वाहन के मुख शीशे पर चस्पा कराना भी अनिवार्य होगा। उन्होने सभी राजनैतिक पार्टियों से निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शिता व निर्वाध सम्पन्न कराने में सहयोग की अपील की। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिला अधिकारी अशोक कुमार जोशी, पंकज उपाध्याय, एसपी चन्द्रशेखर घोड़के, जिला कार्यालय मंत्री गजेन्द्र प्रजापति, जिला महामंत्रीभाजयुमो भाजपा विपिन सिंह, महानगर महामंत्री कांग्रेस सुनील कुमार, कांग्रेस महानगर सचिव मनोज कुमार सिंह, विधानसभा अध्यक्ष आप धर्मेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।

31 परिवारों को वितरित किये भूमिधरी अधिकार के पट्टे

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। उपजिलाधिकारी ने आचार संहिता लागू होने से पूर्व शक्ति फार्म क्षेत्र के विभिन्न ग्राम सभा के 31 परिवारों को भूमिधारी अधिकार के पट्टे वितरित किये। नगर पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी सितारगंज रविंद्र जुवांठा, तहसीलदार पूजा शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने वर्ग 8 के गोविंद नगर के नौ, सुरेंद्रनगर के चार, बैकुंठपुर के चार, देवनगर के पांच, राजनगर, निर्मल नगर, रूदपुर के दो- दो, टैगोर नगर, गुरुग्राम, अरविंद नगर के एक-एक परिवार को भूमिधारी अधिकार के पट्टे सौंपे।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल,मंडल अध्यक्ष विष्णुपद प्रमाणिक, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील विश्वास, अजय जायसवाल, मयंक अग्रवाल,विश्वजीत हालदार संजय बाछाड़,रवि मजूमदार, उमाशंकर द्विवेदी आदि मौजूद थे।

धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी दी अपार बख्शीश सदका
धन श्री 108 संत बाबा गोपाल सिंह जी दी
मर्यादानुसार हर साल की चेत की 5 को
श्री गुरुग्रंथ साहिब जी के पाठ का भोग पड़ता है।
ब्रहमलीन श्री मान 108 सन्त बाबा बचन सिंह जी
महान गुरमत एवं सन्त समागम
भाई चमनजीत सिंह जी लाल
(दिल्ली वाले)
देवेन्द्र सिंह कविश्री जी
भाई हरजिंदर सिंह जी
भाई गुरभेज सिंह जी
भाई पवनदीप सिंह जी
सोमवार 18 मार्च 2024
स्थान:- कुटिया संत बाबा गोपाल सिंह जी डेरा भजनगढ़ सुविधा होटल के सामने, आदर्श कालोनी, रुद्रपुर
समय: सवेरे 10 बजे से 2:30 बजे तक
गुरु का लंगर अटूट बरतेगा
सचखण्डवासी माता राजरानी
दास अशोक सिंह जी
मुख्य सेवादार

भट्ट ने काठगोदाम से हनुमानगढ़ी रोपवे संचालन की स्वीकृति पर जताया आभार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने काठगोदाम से हनुमानगढ़ी के बीच रोपवे संचालन को स्वीकृति देते हुए इस प्रोजेक्ट के लिए 1592.87 करोड़ की स्वीकृत करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जाताया है। श्री भट्ट ने कहा कि देश विदेश के पर्यटकों सहित नैनीताल आने वाले लोगों के लिए बेहद सुखद खबर है कि अब काठगोदाम से हनुमानगढ़ी तक रोपवे का रास्ता साफ हो गया है। यही नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में नैनीताल के लिए हाइब्रिड मोड पर रोपवे बनाए जाने के प्रोजेक्ट को न सिर्फ हरी झंडी मिली है बल्कि उसके लिए 1592.87 करोड रुपए स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हाइब्रिड मोड पर काठगोदाम से हनुमानगढी के बीच रोपवे के विकास संचालन और रखरखाव के लिए बजट की स्वीकृति की गई है। श्री भट्ट ने कहा कि लंबे समय से बहुप्रशिक्षित परियोजना को स्वीकृति दिए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया है।

उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

अश्लील सामग्री पर अंकुश

देश में कई बार ऐसा देखने को मिलता है कि किसी मामले में उच्च न्यायालय द्वारा सुनाये गये फैसले के खिलाफ जब सर्वोच्च न्यायालय में अपील की जाती है तो सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उच्च न्यायालय के फैसले को बदल दिया जाता है। जबकि कानून में अपराधों की समान रूप से व्याख्या होती है। कई बार कानूनी प्रावधानों की तकनीकी बारीकियों की व्याख्या इस तरह की जाती है, जो अपराध को रोकने के बजाय उसे संरक्षण देती दिखती है, भले उसके पीछे मंशा वही न हो। कुछ समय पहले मद्रास हाईकोर्ट ने एक मामले में व्यवस्था दी थी कि बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री यानी चाइल्ड पोर्नोग्राफी को इंटरनेट से डाउनलोड करना और निजी तौर पर देखना यौन अपराध से बच्चों के संरक्षण अधिनियम यानी पाक्सो और सूचना प्रौद्योगिकी कानून के तहत अपराध नहीं है। ‘निजी दायरे’ की दलील को एक हद तक सही माना जा सकता है, मगर बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री देखना कुंठा, मानसिक विकृति और अपराध को उकसाने वाला भी हो सकता है। शायद यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को ‘भयावह’ या ‘नृशंस’ बताया और तमिलनाडु पुलिस व आरोपी को नोटिस जारी किया। मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए भी सुप्रीम कोर्ट राजी हो गया है। इंटरनेट एक खुला आकाश है, जिस पर सकारात्मक और नकारात्मक सामग्री की भरमार है। मगर आज इस पर जिस तरह अश्लीलता का भी कारोबार हो रहा है, कम से कम भारत जैसे देश और यहां के समाज पर उसके जटिल सामाजिक प्रभाव देखने को मिल रहे हैं। अश्लील सामग्री में डूबे रहने वाले व्यक्ति की त्रासदी इसी से समझी जा सकती है कि उसके भीतर गहरे पैठी कुंठा उसे बच्चों से जुड़ी ऐसी चीजों को देखने की ओर प्रवृत्त करती है। मनोवैज्ञानिक रूप से कुंठा मानसिक विकृतियों का स्रोत और वाहक है। ऐसी गतिविधियों में लिप्त रहने वाला व्यक्ति कब बच्चों के खिलाफ यौन उत्पीड़न जैसी हरकत कर बैठे, इसकी कोई गारंटी नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा से जुड़ी आपराधिक घटनाओं में काफी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसमें बच्चों की अश्लील सामग्री का प्रसार भी शामिल है। अपराध के कई स्तर और चरण होते हैं। इसलिए किसी भी अपराध पर लगाम लगाने के लिए जरूरी है कि उसके स्रोत और कारणों की पहचान की जाए, उसे शुरुआती स्तर पर ही रोकने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं। समाज में योन सम्बंधी अपराध जिस गति से बढ़ रहे हैं उसके पीछे इंटरनेट में विभिन्न ऐपों द्वारा नियमों के विरूद्ध परोसे जाने वाली अश्लील सामग्री को मुख्य रूप से दोषी ठहरा सकते हैं। आज हालात यहां तक पहुंच चुके हैं कि बच्चे अपने अभिभावकों से छुपकर मोबाईल में अश्लील वीडियो देखते रहते हैं। इसका उनके मतिष्क पर क्या प्रभाव पड़ रहा होगा। यह आसानी से समझा जा सकता है। हांलांकि केन्द्र सरकार द्वारा ऐसे कई एपों पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है। बावजूद इसके इंटरनेट पर ऐसे एपों का आज भी भंडार लगा हुआ है। जिनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करना जरूरी हो गया है।

कार्यशाला में व्यापारियों की समस्याओं के समाधान पर मंथन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड के समस्त जिलों की कार्यशाला आज सम्पन्न हुई। जिसमें सभी 19 संगठनात्मक जिलों के जिला अध्यक्ष एवं जिला महामंत्रियों ने प्रतिभाग किया। संगठन के प्रदेश महामंत्री ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी जिला इकाइयों से उनके जिले की समस्याओं के समाधान हेतु जिला अध्यक्ष, महामंत्रियों को सुझाव दिया कि वे अपनी कार्यकारिणी, जिला प्रभारी और अपने जिलों के प्रदेश पदाधिकारीयों सहयोग से प्राथमिकता से प्रयास करें। साथ ही व्यापारी कल्याण बोर्ड उत्तराखंड में बनाने, आपदा में व्यापारी को राहत का पात्र बनाने, सरकारी योजनाओं से विस्थापित होने वाले सभी व्यापारियों के उचित विस्थापन, व्यवसायिक प्रतिपूर्ति राशि, मुआवजा, सब्सिडी युक्त लोन देने आदि विषयों पर सरकार से चुनाव बाद निर्णायक वार्ता करने पर जोर दिया। प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने सभी आगंतुक जिला कार्यकारिणी के सदस्यों को अपनी इकाइयों से सतत् संवाद, दौरे, आदि आवश्यक टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि हमें अपने संगठन का स्वरूप और प्रभावी बनाने के लिए जिला संगठनों की कार्यशैली में सुधार करना जरूरी है। जिला अध्यक्षों को अपने जिले की सभी नगर इकाइयों को साथ में लेकर चलना होगा। साथ ही हमें नई इकाइयों को अजित करने, जहां चुनाव होने हैं जल्दी चुनाव सम्पन्न कराने, स्थनीय समस्याओं का जिला स्तर पर सभी के सहयोग से समाधान का प्रयास करने पर जोर दिया। संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद गोयल ने कहा कि हमें अपने संगठन की नगर इकाइयां 450 पार करनी हैं।गढ़वाल प्रभारी सुरेश बिष्ट एवं कुमाऊं प्रभारी अश्वनी छावड़ा ने भी जिला कार्यकारिणियों से बहुत कर्मठता से काम करने का आह्वान किया। आयोजित कार्यशाला में महिला संगठन नैनीताल की मातृ शक्ति ने आगंतुकों का प्रवेश द्वार पर ष्भाल- तिलकष लगाकर एवं पुष्प वर्षा से जोरदार स्वागत किया।प्रदेश संगठन के स्थानीय पदाधिकारियों एवं महानगर हल्द्वानी टीम ने संगठन के सुदूर क्षेत्रों से आए सभी पदाधिकारियों का पुष्प मालाओं से स्वागत किया। कार्यशाला में उत्तरकाशी, टिहरी, श्रीनगर, पौड़ी, रुद्रप्रयाग, चमोली, पिथौरागढ़, बागेश्वर अल्मोड़ा, रुड़की हरिद्वार, श्रीनगर, उधम सिं नगर, काशीपुर, चंपावत, नैनीताल, देहरादून, रानीखेत, यमुनाघाटी के पदाधिकारी सम्मिलित थे।कार्यक्रम का प्रारंभिक संचालन जिला महामंत्री नैनीताल हर्षवर्धन पाण्डे व विपिन गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया तथा कार्यशाला का संचालन प्रदेश महामंत्री प्रकाश चन्द्र मिश्रा ने किया। कार्यशाला में स्थानीय पदाधिकारियों में राजेश अग्रवाल, एनसी तिवारी, दिनेश पंत, चंद्रशेखर पंत, नवनीत राणा, रूपेंद्र नागर, श्रीमती शांति जीना, मदन फर्तियाल, हितेंद्र भसीन, दिगंबर वर्मा, श्रीमती उर्वशी बोरा, जिला महिल संगठन एवम् महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री मनोज जायसवाल, संदीप सक्सेना, सचिन गुप्ता, उपेंद्र कनवाल, दीपा जायसवाल, गीता कांडपाल आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल उत्तराखण्ड
के सभी 19 जिलों के
सभागार

आदर्श आचार संहिता का प्रत्येक नागरिक करे पालन: अनुराधा पाल

बागेश्वर(उद संवाददाता)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 की अधिसूचना जारी होने के उपरान्त जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने देर शाम प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। उन्होंने बताया कि सरकारी कार्यालयों, सार्वजनिक स्थलों एवं गैर सरकारी परिसंपत्तियों पर लगी प्रचार सामाग्री को निर्धारित समय सारणी के अनुसार हटाने के आदेश जारी कर दिए है। उन्होंने बताया कि 27 मार्च तक नामांकन, 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच व 30 मार्च को नाम वापसी होगी। 19 अप्रैल को मतदान व 4 जून को मतगणना होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद की दोनों विधानसभाओं में मतदान हेतु 359 मतदान केंद्र बनाये गये है,जिसमें 381 बूथ होंगे। उन्होंने बताया कि जनपद में 216989 मतदाता एवं 4575 सर्विस मतदाता है। वहीं दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 2603 एवं 85 वर्ष से अधिक उम्र के 2100 मतदाता है।बताया कि जिले में निर्वाचन कंट्रोल रूम संचालित किया गया है टोल फ्री नंबर 1950 के साथ ही 05963-2 97577 संचालित है। कंट्रोल रूम में चौबीस घण्टे कार्मिको की तैनाती की गई है।जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पुख्ता सरुक्षा व्यवस्था के साथ भयमुक्त वातावरण बनाते हुए निर्वाचन को पादर्शिता एवं निष्पक्ष के साथ संपन्न कराना प्राथमिकता रहेगी, जिससे मतदाता निर्भय होकर निष्पक्ष मतदान कर सकेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव को प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जायेगी तथा सूचना मिलने पर त्वरित व सख्त कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान उप निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, सहायक निर्वाचन अधिकारी नैन सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

मार्शल आर्ट वूमेन्स लीग में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। खेलो इंडिया के तहत स्पोर्ट्स स्टेडियम रुद्रपुर में आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया के अंतर्गत एक दिवसीय स्काई मार्शल आर्ट वूमेन्स लीग का आयोजन किया गया जिसमें अलग-अलग भार एवं आयु वर्ग में राज्य भर से 55 से अधिक बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्काई मार्शल आर्ट के उपाध्यक्ष राजकुमार चौहान द्वारा किया गया।स्काई मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन उत्तराखंड के महासचिव मोहम्मद हसन खान ने बताया कि खेलो इंडिया वूमेन्स लीग जैसे आयोजनों से बालिकाओं को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर मनीष कुमार, सुदेश राय, मनदीप सिंह, मनदीप सिंह, चरण सिंह, राजवीर सिंह, जितेंद्र मौर्य, प्रदीप राय, नीरज यादव, शंकर कश्यप, शौर्य बिशनवाल, प्रमोद अधिकारी, मोना कश्यप, सुनीता जोशी, आरती पुजारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

दीपक अध्यक्ष नीलम सचिव बनी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद शाखा काठगोदाम का होली कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारम्भ प्रांतीय संगठन सचिव डॉ विनय खुल्लर, चुनाव प्रभारी मनोज अरोरा, अध्यक्ष दीपक माहेश्वरी, सचिव रश्मि जैन ने दीप प्रज्वलन किया। सत्र 2024-25 के लिए शाखा का चुनाव प्रभारी रुद्रपुर से आये मनोज अरोरा ने कराया। जिसमे अध्यक्ष दीपक माहेश्वरी, सचिव नीलम शर्मा, कोषाध्यक्ष हितेंद्र उप्रेती चुने गए। होली कार्यक्रम हर्ष उल्लास से मनाया गया। जिसमे कपल गेम, विभिन्न नृत्य कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। रेनू बिष्ट ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। सामूहिक नृत्य प्रस्तुति रश्मि, ममता, श्यामली छिमवाल, कनिका बमेटा आदि ने भाग लिया। सदस्य सुजाता माहेश्वरी के निर्देशन मे रंगारंग कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम मे राजेश अग्रवाल, दीपक बिष्ट, ममता खुल्लर, रेणुका, संजय गर्ग, अनुज माहेश्वरी, विकास रत्न, राहुल वार्ष्णेय, नीरज, रेनू शारदा, अलोक, अरुणा सक्सेना, संजय जैन, भोला केसरवानी, शेखर त्रिपाठी, राजीव रावत, हरीश गौरा,गरिमा विशाल सिंघल मौजूद रहे।

जनसमस्याओं का समाधान करना प्राथमिकता : रेखा यादव

नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने संभाली पिथौरागढ़ पुलिस की कमान,चुनाव के दौरान 24 घंटे चैकिंग और बाहरी व्यक्तियों के शत प्रतिशत सत्यापन करने के निर्देश

पिथौरागढ़। जिले में नवनियुक्त एसपी रेखा यादव ने शनिवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं और शिकायतों का समाधान करने के लिए प्राथमिकता से काम किया जायेगा। उनका कहना है कि कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय सीमा से होने वाली तस्करी और साइबर अपराध की घटनाओं पर रोकथाम के लिए विशेष रूप से कार्य किया जाएगा। उन्होंने पुलिस कर्मियों के साथ बैठक कर समस्याएं सुनीं और उनको आवश्यक दिशा निर्देश दिए।जिले के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती रेखा यादव द्वारा गार्द सलामी लेने के पश्चात पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़ का कार्यभार ग्रहण किया गया। वर्ष 2019 बैच के आईपीएस अधिकारी है। वह पूर्व में सहायक पुलिस अधीक्षक हरिद्वार, पुलिस अधीक्षक क्राइम - ट्रैफिक हरिद्वार, पुलिस अधीक्षक चमोली जैसे महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त रही हैं। पुलिस अधीक्षक महोदया पिथौरागढ़, श्रीमती रेखा यादव जनपद का कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात समस्त थाना प्रभारियों/ पुलिस लाईन/ शाखा प्रभारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से वर्चुअल सैनिक सम्मेलन लिया गया। उन्होंने द्वारा समस्त थाना/चौकी/शाखा प्रभारियों का परिचय लिया । समस्त प्रभारियों से उनके अधीन नियुक्त अधिकारी/ कर्मचारियों की समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी तथा सभी से उनकी व्यक्तिगत व विभागीय समस्याओं के बारे में जानकारी कर उनका उचित निस्तारण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने आगामी लोकसभा निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु शान्ति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद के समस्त प्रवेश प्वाइन्टों पर आने-जाने वाले वाहनों की 24 घण्टे सघन चैकिंग करने हेतु निर्देश दिये गये । सक्रिय अपराधियों, शान्ति व्यवस्था भंग करने वालों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करने तथा आदतन अपराधियों पर गुण्डा एक्ट तथा जिला बदर करने की कार्यवाही करने हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया । आदर्श आचार संहिता लगने के पश्चात सभी एस0एस0टी0/ एफएसटी टीमों को सक्रिय होकर 24 घण्टे सघन चैकिंग करने तथा सभी बैरियों/ चौक पोस्टों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने व वीडियोग्राफी करने हेतु निर्देशित किया । वर्तमान में जनपद स्तर पर चलाये जा रहे विभिन्न अभियानों जैसे ईमानी अपराधियों की गिरफ्तारी, ऑपरेशन मुक्ति, सत्यापन आदि के तहत की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई ।अपने अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत समस्त शस्त्र लाइसेंस धारकों का विवरण एकत्र कर उनको थाने में जमा करवाने हेतु निर्देशित किया गया । सभी पुलिस कर्मियों को अपने-अपने वोटर आई0डी0 अपडेट कर शत प्रतिशत मतदान करने हेतु निर्देश दिये गये । बाहरी व्यक्तियों के शत प्रतिशत सत्यापन कर सम्बन्धित जनपदों के थानों से सत्यापित करने हेतु निर्देश दिये गये । सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर सतर्क दृष्टि रखने तथा अफवाहें व झूठी सूचनाएं देने वालों के विरूद्ध शख्त कार्यवाही की जायेगी । इसके अतिरिक्त एसपी द्वारा सभी थाना प्रभारियों को, अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत सघन चौकिंग अभियान चलाकर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी/बिक्री करने, अवैध खनन माफिया, अवैध शराब का कारोबार करने वालों/ होटल व ढाबों में अवैध रुप से लोगों को शराब पिलाने व बेचने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये। बैठक में सीओ परवेज अली, निरीक्षक एलआईयू रोहित जोशी, प्रतिसार निरीक्षक नरेश चंद्र जखमोला सहित कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

आयोग में सदस्य नियुक्त होने पर बाबू सिंह तोमर का किया स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता) भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा के कार्यालय पर बाबू सिंह तोमर ने उत्तराखंड अनुसूचित जनजाति आयोग में सदस्य नियुक्त किए जाने पर सैकड़ों समर्थकों के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ,केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री लोकसभा सांसद अजय भट्ट एवं गुंजन सुखीजा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर तोमर का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि बुक्सा जनजाति समाज का एक अभिन्न अंग है जिसको लेकर मोदी एवं धामी सरकार द्वारा पीएम जनमन योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओ का संचालन कराया जा रहा है एवं बाबू सिंह तोमर जी उत्तराखंड अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य के रूप में अनुसूचित जनजाति के हितों में कार्य करेंगे ऐसी कामना करता हूं। उत्तराखंड अनुसूचित जनजाति आयोग के नव नियुक्त सदस्य बाबू सिंह तोमर ने भाजपा सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि धामी सरकार द्वारा दिया गया यह सम्मान अमूल्य है जिससे मैं अपने बुक्सा समाज के साथ-साथ अन्य अनुसूचित जनजाति समाज की भी समस्याएं हल कर सकूंगा। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना,बीडीसी मेंबर कोपा गुरमेल सिंह,सुभाष गुंबर,अशोक हुडिया, परमजीत पम्मा,अनिल जेटली ,लक्ष्मण सिंह,दीपक गोस्वामी,फूल सिंह,मदन सिंह,प्रेम सिंह पूरन सिंह,रतन सिंह,अनूप सिंह प्रधान,जसपाल सिंह,जगदीश वीरेंद्र, गोपाल सिंह, प्रताप सिंह ,जगत सिंह, समीर फतेह ,अनिल सिंह,अजय सिंह संतोष सिंह,हरिद्वारी सिंह,बलबीर सिंह ,भगत सिंह, राम सिंह, महावीर सिंह ,रिंकू, महेंद्र सिंह ,करम सिंह सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता एवं बुक्सा जनजाति के लोग उपस्थित रहे।

भाजपा नेता चुघ ने घर घर जाकर अजय भट्ट के लिए मांगे वोट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने कमर कस ली है। रुद्रपुर के कृष्णा कॉलोनी में भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने अपनी टीम के साथ घर-घर जाकर भाजपा को वोट देने की अपील की। उन्होंने लोगों से कहा कि मतदान केंद्र पर समय से पहुंचे और अपना वोट जरूर डालें। उन्होंने जनता से अपील की है कि नैनीताल उधम सिंह नगर सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को भारी वोटो से विजयी बनायें। भारत भूषण ने कहा कि इस बार भी की सरकार बनाने का मन बना चुकी है। इस बार भाजपा 400 पार का लक्ष्य पूरा करेगी। इस अवसर पर संजीव गुप्ता,कृष्ण पाल गंगवार,वीरेंद्र पाल राठौर,ज्वाला प्रसाद राठौर, हीरालाल राठौर, वेद प्रकाश राठौड़, बॉबी गंगवार, वेद प्रकाश मौर्य, अजय पाल शर्मा,रामचरण लाल, जयजी मंसाराम राठौर,अशरफी लाल मौर्या, रतनलाल कोहली,पप्पू लाल कोहली,नेत्रपाल राठौर,खेमकरण भगत,जितेंद्र पाल राठौर कृपा शंकर राठौड़,सुरेश यादव ओमकार मिस्त्री,भीमसेन शर्मा,अजय पाल शर्मा,शिवकुमार शिबू,भाई राज कोहली, दिनेश मौर्य,संजय गंगवार धर्मेंद्र कुमार गंगवार, पवन कोली लोग उपस्थित रहे।

सिंघ कलेक्शन का हुआ शुभारंभ

गदरपुर(उद संवाददाता)। मुख्य मार्ग पर अशोक स्वीट के सामने नव प्रतिष्ठान सिंघ कलेक्शन और जेंट्स वियर का शुभारंभ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष अरदास एवं श्री सुखमणि साहिब के पाठ के उपरांत किया गया। इस अवसर पर भाई भजन सिंह द्वारा सिंह कलेक्शन के शुभारंभ के अवसर पर अरदास करके शुभकामनाएं प्रदान की गई इस दौरान प्रतिष्ठान के स्वामी नवनीत सिंह ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान पर जेंट्स वीयर की हर क्वालिटी उपलब्ध है उन्होंने शुभकामनाएं देने के साथ सभी को एक बार सेवा का अवसर देने की अपील की है।इस मौके पर दीपक फुटेला, हरचरण सिंह चन्ना ,किशन लाल, चरण सिंह, धीरज सिंह ,आयुष पुनियानी, नितेश गुगलानी, सिमरन मक्कड़ ,सोमनाथ फुटेला, एवं देवेंद्र सिंघ सहित तमाम लोगों ने शुभकामनाएं प्रदान की ।

पीलीभीत रोड पर खनन विभाग के लगे चेकपोस्ट

भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय
उत्तराखण्ड सरकार
रूकिए
माईनिंग चैक पोस्ट
कैलाश रिवर बेड मिनरलस

सितारगंज (उद संवाददाता)। पीलीभीत रोड पर खनन विभाग ने चेकपोस्ट लगा दिए है। इसके टेंडर भी हो चुके हैं। चेक पोस्ट लगने के बाद उप खनिज से संबंधित प्रत्येक वाहन की कंपनी की टीम रॉयल्टी चेक कर रही है। क्षेत्र में अवैध उप खनिज की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। उत्तर प्रदेश में क्षेत्र की नदियों से खनन तस्करी किया जा रहा है। खनन विभाग ने बिना रॉयल्टी खनन चोरी करने के मामले में अंकुश लगाने के लिए पीलीभीत रोड पर चेक पोस्ट बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। ग्राम मलपुरी के पास खनन विभाग ने चेक पोस्ट का बोर्ड भी लगा दिया है। जिला खनन अधिकारी अमित गौरव ने बताया कि चेकपोस्ट से संबंधित टेंडर की प्रक्रिया हो चुकी है। पावर मेक प्रोजेक्ट लिमिटेड कंपनी ने चेक पोस्ट सक्रिय कर दिए हैं। कंपनी की टीम सड़क में उप खनिज से संबंधित वाहन गुजरने पर रॉयल्टी चेक कर रही है। कंपनी के अतुल शर्मा, गुरजीत सिंह पीलीभीत रोड पर अब तक करीब 57 वाहन की रॉयल्टी चेक कर चुके है। जिनमें कुछ वाहनों पर रॉयल्टी नहीं मिली है।

पहचान पत्र के अलावा अन्य दस्तावेजों से भी कर सकेंगे मतदान: डीएम

रूद्रपुर। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 घोषणा के अनुसार 20 मार्च से 27 मार्च तक नामांकन होगें तथा नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 28 मार्च, नाम वापसी अन्तिम तिथि 30 मार्च होगी। उन्होने बताया कि मतदान 19 अप्रैल शुक्रवार होगा तथा मतगणना 4 जून को होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र के अतिरिक्त आयोग द्वारा आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक एवं डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, एनपीआर के तहत आरजीआई के द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन अभिलेख, केन्द्र राज्य सरकार सार्वजनिक उपक्रमों और सार्वजनिक लिमिटेड कम्पनियों के द्वारा जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदो, विधायको, एमएलसी को जारी किये गये अधिकारिक पहचान पत्र, सामाजिक न्याय एवं औधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी विशिष्ठ द्विव्यांगता फोटो पहचान पत्र (यूडीआईडी) से भी मतदान किया जा सकता है।

कोतवाल ने लुकास कर्मियों को दी धरना समाप्त करने की हिदायत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही आचार संहिता लागू होने पर आज कोतवाल धीरेंद्र कुमार ओ एसएसआई केसी आर्य पुलिस बल के साथ लुकास टी वी एस के आंदोलित श्रमिकों के धरना स्थल पर पहुंचे। जहा उन्होंने श्रमिकों को आचार संहिता के नियमों की विस्तार से जानकारी देते हुए उन्हें आंदोलन को आचार संहिता लागू होने तक स्थगित करने को कहा। साथ ही उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसा न किए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने सभी से चुनाव की लोकतांत्रिक प्रक्रियाओ का सम्मान करने को भी कहा। काफी देर तक चले वार्ता के पश्चात आंदोलित श्रमिकों ने कहा कि वह आपसी विचार विमर्श के बाद शीघ्र इस संदर्भ में निर्णय ले लेंगे। कोतवाल ने कहा धरना समाप्त करना ही होगा।

फैक्ट्री में करंट लगने से श्रमिक की मौत

सितारगंज(उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित फैक्ट्री में श्रमिक की करंट लगने से मौत हो गयी। बालाजी एक्शन कंपनी के प्रबंधन ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। शनिवार को दोपहर तीन बजे कर्मचारी लल्लन सिंह यादव (56) पुत्र जखन सिंह यादव निवसी गाजीपुर पाइप फिटिंग कर रहे थे। पाइप अचानक 11 केवी लाइन को छू गया। करंट लगने से लल्लन सिंह यादव बेहोश हो गये। लल्लन सिंह को अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एसएसआई कवीन्द्र शर्मा ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मृतक के दो पुत्र हैं। वह पत्नी व बच्चों के साथ वार्ड एक चिंतीमजरा में रहता था। उसका एक बेटा काशीपुर में काम करता है। जबकि दूसरा बेटा पढ़ाई करता है।

भाविप की हल्द्वानी शाखा का चुनाव 22 को

हल्द्वानी (उद संवाददाता) । भारत विकास परिषद् शाखा हल्द्वानी की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें नई कार्यकारिणी गठन हेतु होने वाले वार्षिक चुनाव एवम होली महोत्सव पर विचार विमर्श हुआ। क्षेत्रीय संयुक्त सचिव भगवान सहाय अग्रवाल एवम प्रांतीय अध्यक्ष आरके गुप्ता द्वारा कार्यक्रम के निमित्त व्यवस्थाएं बांटी गईं। शाखा अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज ने बताया कि आगामी 22 मार्च को हल्द्वानी शाखा के तीन पदों अध्यक्ष, सचिव एवम कोषाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। वार्षिक चुनाव की प्रक्रिया चुनाव अधिकारी विजय भूषण गर्ग के मार्गदर्शन में होगी। बैठक में सचिव डा. अभिषेक मित्तल, कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल, महिला संयोजिका डा.निधि गुप्ता एवं उप सचिव सौरभ अग्रवाल, आदि सदस्य उपस्थित रहे।

धोखे से पुत्र को लेकर पति फरार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अपनी बहन की शादी की बात कहकर पंजाब से पत्नी व पुत्र को बुलाने के बाद पति पुत्र को बहन से मिलाने का बहाना कर उसे लेकर फरार हो गया। जालंधर पंजाब निवासी रीत कौर का कहना है कि 6 मार्च को उसके पति ने उसे अपनी बहन की शादी में यहां अपने ग्राम बुलाया था। वह अपने ढाई साल के पुत्र को साथ लेकर आयी। 14 मार्च को उसके पति ने उससे कहा कि पुत्र को दे उसे अपनी बहन से मिलवाना है। इस बहाने से पुत्र को लेकर भाग गया। अब पति उससे बोल रहा है कि जो करना है कर ले वह बच्चा नही देगा।

चंद्रशेखर अध्यक्ष और पंकज धपोला बने सह सचिव

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिला बार ऐसोसिएशन के लिए चंद्रशेखर अध्यक्ष और पंकज धपोला सह सचिव विजयी घोषित किए गए। जबकि उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष निर्विरोध चुने गए। जीत के जश्न में अधिवक्ताओं ने जश्न मनाया और मिष्ठान वितरित किया। हाईकोर्ट नैनीताल से आए पर्यवेक्षक अधिवक्ता मेहरवान सिंह की देखरेख में चुनाव हुआ। अध्यक्ष पद पर एड.चंद्रशेखर मिश्रा को 33 मत मिले। जबकि वरिष्ठ अधिवक्ता और पूर्व में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे एड. गोविंद सिंह भंडारी को 24 मतों पर संतोष करना पड़ा। मिश्रा ने नौ मतों से जीत दर्ज की। जबकि सह सचिव में पंकज धपोला को 33,अनिल भाकुनी को 22 मत मिले। धपोला 11 मतों के अंतर से विजयी घोषित किए गए। इसके अलावा सचिव दिग्विजय जनौटी, कोषाध्यक्ष गोविंद सिंह टंगड़िया, पुस्तकालयाध्यक्ष हेम चंद्र सिंह राणा, कार्यकारिणी सदस्य बसंत बल्लभ पाठक निर्विरोध चुने गए। इस दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी धन सिंह ठठोला, सह चुनाव अधिकारी मनोज जोशी, रमेश भंडारी, कुंदन धपोला, विनोद भट्ट, चंचल कोरंगा, हरीश जोशी, चंदन ऐठानी, प्रेम सिंह परिहार, सुरेश कांडपाल आदि उपस्थित थे। वही बार एसोसिएशन में पहली बार खरही क्षेत्र से अधिवक्ताओं को अध्यक्ष और सचिव पद पर जीत मिलने पर काफलीगैर तहसील के लोगों में भी खुशी का माहौल है।अध्यक्ष पद पर विजेता बने एड चन्द्रशेखर मिश्रा कठपुड़ियाछीना के नायल गाँव निवासी है, जबकि सचिव बने दिग्विजय जनौटीजो कि पालड़ी छीना निवासी है, वे उत्तराखण्ड आंदोलन के प्रमुख आंदोलनकारी, पहाड़ के शेर नाम से विख्यात,और अल्मोड़ा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष रहे दिवंगत स्व.बालम सिंह जनौटी के पुत्र है।वे अपनी जल जंगल और जमीनऔर पृथक उत्तराखण्ड राज्य के निर्माण और विकास के लिए हमेशा संघर्षरत रहते थे।वही अध्यक्ष और सचिव के पहली बार खरही क्षेत्र से निर्वाचित होने पर समस्त क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है।लोगों ने उनके निर्वाचित होने पर मिष्ठान वितरण कर खुशी जताई।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स,
श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

पुलिस लाईन में गोली चलने से सिपाही की मौत

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। संदिग्ध हालातों में पुलिस लाइन में गोली चलने से एक कांस्टेबल की मौत हो गई। आनन-फानन में सिपाही को जिला अस्पताल लाया गया, यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गोली किन कारणों से चली इसका खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस इसकी जांच में जुटी है। घटना से पुलिस विभाग में हड़कंप मचा है। जानकारी के मुताबिक, बागेश्वर निवासी कांस्टेबल सुंदर शाही अल्मोड़ा पुलिस लाइन में तैनात थे। बताया जा रहा है कि रविवार सुबह उन्होंने रात की ड्यूटी में तैनात अन्य पुलिस कर्मी से चार्ज लिया। कुछ देर बाद ही मौके से गोली चलने की आवाज आई। आवाज सुनकर आस-पास के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे तो कांस्टेबल सुंदर शाही लहुलुहान हालत में जमीन पर पड़े थे। उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से पुलिस महकमे में हड़कम्प मच गया। सूचना मिलने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा और अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। एसएसपी देवेन्द्र पींचा ने मामले को लेकर कहा कि सिपाही को गोली मारी गयी है या फिर उसने खुद को गोली मारी है, यह जांच का विषय है। फॉरेंसिक टीम जांच कर रही है। इसके बाद ही कुछ कहाजा सकता है। इस घटना से पुलिस विभाग में अफरा-तफरी का माहौल है। फिल्हाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना से मृतक सिपाही के परिजनों में कोहराम मचा है।

रस्म पगड़ी / श्रद्धांजलि सभा

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। न चैनं क्लेदयान्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥

अत्यन्त दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हम सभी को अपनी ममता और दुलार से पोषित करने वाली पूज्य माता जी **श्रीमती राजरानी सुधा (पत्नी स्व0 श्री कश्मीर लाल सुधा) जी** का स्वर्गवास दिनांक 9 मार्च 2024 को हो गया है, जिनकी **रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजलि सभा** दिनांक-18 मार्च 2024, सोमवार समय-प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक अशोका रिसोर्ट, दिनेशपुर रोड, गदरपुर में संपन्न होगी।

शोकाकुल परिवार

सुमित्रा कालड़ा-प्रेम सागर कालड़ा (पुत्री-दामाद)
स्व० शान्ति बत्रा-स्व० महेश बत्रा (पुत्री-दामाद)
आशा कालड़ा-राजेन्द्र कालड़ा (पुत्री-दामाद)
चंचल सिडाना-विनोद सिडाना (पुत्री-दामाद)
नीलम डाबर-रवि डाबर (पुत्री-दामाद)
मंजु गुम्बर-स्व० गुरदीप गुम्बर (पुत्री-दामाद

कृपया इस सूचना को व्यक्तिगत बुलावे की मान्यता प्रदान करें।

ek0 9837074728] 9837088616] 9837051546

मदन लाल सुधा-प्रेमलता सुधा (पुत्र-पुत्रवधु)
(अध्यक्ष-बार एसोसिएशन, गदरपुर)
कृष्ण लाल सुधा-रीटा सुधा (पुत्र-पुत्रवधु)
(अध्यक्ष-उत्तरांचल पंजाबी महासभा, गदरपुर)
दीपक सुधा-अलिका सुधा (पुत्र-पुत्रवधु)
(नगर संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गदरपुर)
विक्रम सुधा-जूली सुधा (पौत्र-पौत्रवधु)
समर्थ सुधा-आशिमा सुधा (पौत्र-पौत्रवधु)
चारू, आशुतोष, मुस्कान, वान्या (पौत्र/पौत्री)

तमंचा कारतूस सहित एक दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पंतनगर थाना पुलिस ने एक बदमाश को 315 बोर का अवैधतमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उनि. प्रदीप कुमार साथी पुलिसकर्मियों का. नितिन कुमार के साथ टांडा तिराहा हल्द्वानी मोड पर वाहनो की चैकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर हल्द्वानी मार्ग की ओर से गश्त करने लगे। तभी एक युवक पूलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा संदेह होने पर पुलिस ने पीछा कर उसे दबोच लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता आकाश पाल पुत्र रमेश पाल निवासी वार्ड 02 नारायण कालौनी गोल मडैय्या ट्रांजिट कैंप बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूलिस ने बरामद तमंचा कारतूस कब्जे में लेकर आकाश पाल को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

चोरी के माल सहित दो चोर गिरफ्त में

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। परचून की दुकान में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो चोरों को पुलिस ने चोरी के सामान सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार शक्तिफार्म बाजार निवासी केशव अग्रवाल ने चौकी मे तहरीर देकर बताया था कि शुक्रवार को दुकान के टिन सैड को तोड़कर चोर दुकान के गल्ले में रखे गोल्ड फ्लैक सिगरेट के 6 बड़े बण्डल, कैप्सटन सिगरेट के 7 बड़े बण्डल, मार्लबोरो सिगरेट के 13 बण्डल, पैनामा, एण्डिमिन्ट , वैव आईसमिन्ट, जाफरान सिगरेट आदि के लगभग 7 छोटे बण्डल चोरी चोरी कर ले गये। दुकान स्वामी ने चोरी में अपनी ही दुकान में काम करने वाले शिशिर साना निवासी निर्मल नगर नं0 01 शक्तिफार्म व उसके साथी के शामिल होने का संदेह व्यक्त किया था। घटना के अनावरण के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीमों ने खुलासे के लिए आस पास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का अवलोकन कर चोरों की शिनाख्त की जिसके बाद शनिवार की रात्रि शिशिर साना पुत्र शिवपद साना निवासी निर्मल नगर नं0-01 शक्तिफार्म और उसके साथी यश सरकार पुत्र शुभ्रांशु सरकार निवासी शास्त्रीवार्ड शक्तिफार्म को कुसमोड बैरियर पर गिरफ्तार कर लिया। दोनों के कब्जे से बुलेट मोटर साईकिल में चोरी की सिगरेट बरामद की गयी। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी जगदीश चन्द्र तिवारी, अपर उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, हेड कॉस्टेबल कुन्दन सिंह, कॉस्टेबल भारत भूषण आदि शामिल थे।

युवक ने जहर खाकर दी जान

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई परिजनों ने उसे सुशीला तिवारी अस्पताल भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई। नवाबी रोड कुलियालपुरा निवासी 21 वर्षीय कमल कश्यप पुत्र नाथूलाल ने संदिग्ध हालातों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। वार्ड नंबर 8 के निवर्तमान पार्षद रवि वाल्मीकि ने बताया कि कमल ने प्रेम प्रसंग के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन किया है। रवि वाल्मीकि ने बताया कि कमल का एक बड़ा भाई एक बहन है और कमल सुभाष नगर में दुकान चलाता था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है।

ऐप लोड करते ही खाते से तीन लाख उड़ाये

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक व्यक्ति की आर्डर की कुर्सी न आने पर उससे एप लोड करवाकर उसके माध्यम से उसके खाते से तीन लाख रूपये निकाल लिए गये। मामले की रपट दर्ज करा दी गई हैं। दर्ज रपट में जितेन्द्र कुमार पुत्र नागरमल निवासी मॉडल कालोनी रूद्रपुर ने कहा है कि उसने ऑन लाईन एक कुर्सी आर्डर की थी। लेकिन कुर्सी जब नही आयी तो उसने कम्पनी के कस्टमर केयर को गुगल मे एक नम्बर निकाला। जिसमें सम्पर्क करने पर एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन उठाया। जिसने उसको एक क्विक एप डालनलोड करने को कहा। जितेन्द्र का कहना है कि जब उसने उक्त व्यक्ति के बताये ऐप को डाउनलोड किया। उक्त अज्ञात व्यक्ति ने कहा आपका सामान तो नही आ पायेगा आपके पैसे वापस आ जायेगे। उसके बाद उक्त व्यक्ति के बताये जाने पर ऐप में वैसा ही करता गया। जितेन्द्र का आरोप है कि उक्त अज्ञात व्यक्ति ने धोखा धड़ी करके उसके खाते से 3 लाख रूपये निकाल लिये। पुलिस में मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

काउंसलिग से लौटती पत्नी पर पति ने किया जानलेवा हमला

रूद्रपुर (उद संवापददाता)। महिला हैल्प लाइन ऐच्छिक ब्यूरो एक मामले में पति के साथ हुई काऊसंलिग से लौटती महिला पर मार्ग में उसके पति ने जानलेवा हमला कर उसे मारने का प्रयास किया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में गुडिया पत्नी जुनैद पुत्री स्व. इतवारी हाल निवासी हरियाणा फार्म बरेली रोड, किच्छा ने कहा है कि 27 फरवरी को महिला हैल्प लाइन ऐच्छिक ब्यूरो में उसकी व उसके पति जुनैद की काऊसलिंग की गयी थी। बाद काऊसंलिग सें अपने घर जा रही थी। पीछे उसके पति टुक-टुक से आ रहे थे। इन्द्रा चौक पर अचानक उसके पति ने उसे खीच कर टुक-टुक में बैठाया तथा दुपटा से उसका गला घोटने लगा और गालीगलौच करते हुए चाकू से हमला किया। जिससे उसकी आँख के नीचे चोट लगी है। जब मैंने बचाव किया तो ससुर पति से कहने लगे यह बचनी नही चाहिए। हम इसे घर नहीं लेकर जाएगें। जिस पर उसने 100 नंम्वर पर बताया तो कि तो उसका पति टुक-टुक से उतरकर, अपने पिता व एक अन्य व्यक्ति के साथ मोटर साइकिल मे बैठकर चले गये और जाते-जाते जान से मारने की धमकी दे गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

छह किलो गांजे के साथ तस्कर पकड़ा

रामनगर(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान चलाते हुए एक नशा तस्कर के घर पर छापेमार कार्रवाई करते हुए अवैध गांजा बरामद करने में सफलता हासिल की है। कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने जानकारी देते हुए बताया कि मोहल्ला नई बस्ती गूलर घट्टी निवासी रमेश त्यागी जोकि काफी समय से नशे का अवैध कारोबार अपने घर से संचालित कर रहा था तथा कई लोगों द्वारा इसकी सूचना लगातार पुलिस को मिल रही थी। उक्त व्यक्ति पूर्व में भी अवैध रूप से नशा बेचने के मामले में जेल जा चुका है। शनिवार की शाम मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने सीओ भूपेंद्र सिंह भंडारी के नेतृत्व में उक्त आरोपी के घर में न्यायालय से जारी सर्च वारंट के आधार पर कार्रवाई की जिसके बाद तलाशी लेने पर पुलिस ने घर से 6 किलो से अधिक गांजा बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गई है।

जीजा पर लगाया बहन को धमकाने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक युवक ने अपने जीजा पर बहन को आये दिन धमकाने का आरोप लगाया है।रेशमवाड़ी निवासी अनुज का कहना है कि उसकी बहन को जीजा ने कोर्ट में 4 साल पहले तलाक दे दिया था। जीजा नशे का आदि है। बहन अपने एक बच्चे को लेकर किराये पर रहती है। जीजा नशे में उसकी बहन के घर पर चला जाता है और गाली गलौच व छेडछाड़ करता है। जान से मारने की धमकीया देता है। एंव ब्लैकमेल करता है। जीजा ने दूसरी शादी कर ली है। इसी बीच बहन ने भी अपनी दूसरी शादी कर ली जिसे एक बच्चा भी है। उसके बावजूद भी जीजा उसकी बहन का रास्ता रोकता है। जान से मारने की धमकीया देता है। 17 मार्च को जीजा वहां के घर आया। विरोध करने पर उससे मारपीट कर उसका बच्चा छीनने की कोशिश करने लगा। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

ससुरालियों पर मारपीट का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना निवासी एक महिला ने अपने ससुलालियो पर दहेज की मांग करने और मांग पूरी नहीं होने पर उसे कमरे में बंद कर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि उसने पूर्व में अपने पति के विरूद्ध लड़ाई झगडा करने को लेकर थाना ट्रांजिट कैम्प में एक लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था। उस समय हम दोनो का राजीनामा हो गया था। परंतु अब उसका पति पुनः आए दिन गालियां देते हुये बुरी तरह से मारपीट रहा है और दहेज की मांग कर रहा है। पीड़िता का आरोप है कि गत 15 मार्च की रात्री उसके पति, सास, ससुर ने उसे घर में बंद करके बुरी तरह से मारपीट की। किसी तरह से वह 16 मार्च को अपनी जान बचाते हुये वहां से भागकर आ गयी।

'कांग्रेस' को उलट फेर से 'आस', तैयारी नहीं कोई 'खास'

fnXx tk dk tkj dk >Vdk nu d fy, tkuh tkrh g uuhrky &m/ke flg uxj lhV] puko nj puko c<rk jgk g bl lhV ij Hkktik dk er çfr'kr] thr d fy, dkxl dk ikVuh gkxh 26-94 çfr'kr okVk dh [kkb

-अर्श-

रूद्रपुर। ऐसा लगता है, जैसे आगामी आम चुनाव में कांग्रेस उत्तराखंड की पांचो लोकसभा सीट पर किसी चमत्कार या बड़े उलट फेर के आसरे ही है, क्योंकि मतदान की तारीखों के ऐलान होने तक राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी पांचो लोकसभा सीट पर अपने प्रत्याशी नहीं तय कर पाई है। वैसे अगर कांग्रेस ने किसी उलट फेर की खाम ख्याली पाल रखी है, तो उसे नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय सीट से अधिक उम्मीद रखनी चाहिए क्योंकि सूबे की नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय सीट ,अपने आप में राज्य की 14 विधानसभा विधानसभा क्षेत्र के भूभाग को अपने आप में समेटने के साथ ही राजनीतिक दिग्गजों को जोर का झटका धीरे देने के लिए भी जानी जाती है। इस संसदीय सीट के चुनावी इतिहास पर दृष्टिपात करें, तो इस सीट पर दो बड़े उलट फेर हुए हैं और दोनों ही बार पूर्व मुख्यमंत्रियों को मुंह की खानी पड़ी है। इस सीट पर हुए पहले बड़े उलट फेर में, कभी अविभाजित उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे नारायण दत्त तिवारी वर्ष 1991 के आम चुनाव में भाजपा के नए नवेले युवा प्रत्याशी बलराज पासी के हाथों पराजित हो गए थे। इस सीट पर हुए दूसरे उलट फेर के अंतर्गत विगत आम चुनाव में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत पिछले आम चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के हाथों बुरी तरह पराजित हो गए थे। इस संसदीय सीट बड़े उलट फेर वाले नतीजा देने की फितरत के चलते कांग्रेस का एक तब का यह खुश प्रेमी पाले हुए हैं कि शायद इस बार भी नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय सेट अपना उलट से वाला चरित्र दिखाए और इस बार यह उलट फेर कांग्रेस के पक्ष में हो ।हालांकि यह संभावना बेहद क्षीण है ,क्योंकि एक और जहां केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट को चुनाव में उतर कर पूरी तैयारी के साथ अपने मिशन की ओर अग्रसर हो चली है, वही कांग्रेस अभी तक इस सीट के लिए सक्षम प्रत्याशी के चयन की कवायद में ही जुटी है। लिहाजा इस बार की लड़ाई में वह भाजपा के मुकाबले कहां खड़ी नजर आएगी ? यह कह पाना फिलहाल कठिन है। लेकिन अगर कांग्रेस को यह असंभव सा लगने वाला लक्ष्य हासिल करना है ,तो उसे 26.94% वोटों की खाई पाटनी होगी। जो कांग्रेस की वर्तमान की तैयारी के मद्देनजर बेहद मुश्किल प्रतीत होता है। नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय सीट के पिछले दो चुनाव के आंकड़ों पर नजर डालें तो, इस सीट पर भाजपा का मत प्रतिशत चुनाव दर चुनाव बढ़ता ही रहा है। वर्ष 2014 के आम चुनाव में इस सीट पर जहां भाजपा प्रत्याशी भगत सिंह कोश्यारी को प्राप्त मतों का प्रतिशत 57.81 था, वही 2019 के आम चुनाव में भाजपा के मध्य प्रतिशत में की 3.54 बढ़ोतरी हुई और वह 61.35 प्रतिशत पर जा पहुंचा। हालांकि इस चुनाव में कांग्रेस ने भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के सामने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के रूप में एक बेहद मजबूत प्रत्याशी उतारा था। बावजूद इसके, कांग्रेस का मध्य प्रतिशत 2.45% ही बढ़ सका। कुल मिलाकर नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच में 339096 वोटो की बड़ी भारी खाई है और अब सबकी दिलचस्पी यह देखने में है कि प्रस्तावित आम चुनाव में यह अंतर घटता है अथवा इसमें और भी वृद्धि होती है।